विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, डीवान, कुर्सी, पलंग, डिनर टेबल, ड्रायसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
सहारा बिल्डर, रेलवे कॉलोनी के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा
सही दाम विश्वसनीय का प्रतीक

तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 185 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 06 अप्रैल 2024 डाक 07 अप्रैल 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा
बेंगलुरु के आरआर नगर में कांग्रेस उम्मीदवार डीके सुरेश के समर्थन में चुनाव प्रचार के दौरान डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार की पत्नी उषा शिवकुमार

देश-विदेश
ठाकरे गुट की कांग्रेस को सख्त चेतावनी, सांगली में फ्रेंडली फाइट जैसी बातों से करें परहेज

फीचर पेज
गर्मी में पक्षियों को जल पिलाने और दाना खिलाने से नष्ट होते हैं सात प्रकार के दोष

भाजपा के स्थापना दिवस - देश की सबसे पसंदीदा पार्टी जनता एक और कार्यकाल का देना जा रही आशीर्वाद :पीएम

नईदिल्ली, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा देश की सबसे पसंदीदा पार्टी है, जो 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र के साथ जन-जन की सेवा में जुटी है। इसके साथ ही उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर यह भी कहा कि देश की जनता उन्हें एक और कार्यकाल का आशीर्वाद देने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा,भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर देशभर के मेरे कर्मठ और परिश्रमी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। आज भाजपा के उन सभी महान विभूतियों को नमन करने का दिन है, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, संघर्ष और त्याग से पार्टी को सींचकर इस ऊंचाई तक पहुंचाया है। मैं आज पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भाजपा देश की सबसे पसंदीदा पार्टी है, जो 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र के साथ जन-जन की सेवा में जुटी है। पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत का दावा करते हुए यह भी कहा, देश की जनता-जनार्दन एक नई लोकसभा चुनने को पूरी तरह से तैयार है। मैं आश्वस्त हूं कि देशभर के मेरे परिवारजन हमें एक और कार्यकाल का आशीर्वाद देने जा रहे हैं, ताकि बीते एक दशक में विकसित भारत के लिए जो नींव तैयार की गई है, उसे नई मजबूती दी जा सके। मैं एक बार फिर भाजपा और एनडीए के अपने सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देता हूं, जो सरकार और जनता के बीच विकास की सबसे मजबूत कड़ी हैं। एनडीए गठबंधन को देश की प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को साथ लेकर भारत को आगे ले जाने वाला गठबंधन बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमें एनडीए का अभिन्न अंग होने पर गर्व है, क्योंकि यह गठबंधन देश की प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को साथ लेकर भारत को आगे ले जाने में विश्वास रखता है। एनडीए एक ऐसा गठबंधन है, जो देश की विविधता के खूबसूरत रंगों से सजा है। हमारी यह साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण है और मुझे पक्का विश्वास है कि आने वाले समय में हमारा यह गठबंधन और भी मजबूत होगा। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को देश के 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने में दिन-रात जुटे रहने की बात कहते हुए अगले पोस्ट में कहा, यह हम सभी के लिए गौरव की बात है कि भाजपा अपने विकासवादी विजन, सुशासन और राष्ट्रवादी मूल्यों के प्रति हमेशा समर्पित रही है।

भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति इसके कार्यकर्ता हैं, जो 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने में दिन-रात जुटे रहते हैं। देश की युवाशक्ति भाजपा को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखती है, जो उनके सपनों को साकार करने के साथ ही 21वीं सदी में भारत को मजबूत नेतृत्व देने में सक्षम है। उन्होंने आगे कहा कि, केंद्र हो या राज्य, हमारी पार्टी ने सुशासन को नए सिरे से परिभाषित किया है। हमारी योजनाओं और नीतियों ने देश के गरीब और वंचित भाई-बहनों को एक नई ताकत दी है। जो लोग दशकों तक हाशिए पर रहे, उन्हें अपने लिए भाजपा में उम्मीद की बड़ी किरण दिखी। भाजपा उनकी सशक्त आवाज बनकर सामने आई। हमने हमेशा समग्र विकास के लिए काम किया है, इससे हर देशवासी का जीवन आसान बना है। हमारी पार्टी देश को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति से मुक्त करने के लिए संकल्पबद्ध है। नए भारत में स्वच्छ और पारदर्शी शासन होने से विकास का लाभ आज बिना किसी भेदभाव के अंतिम पायदान पर खड़े गरीबों तक पहुंच रहा है।

मनीष सिसोदिया को नहीं मिली कोर्ट से राहत 18 अप्रैल तक फिर बढ़ी न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली 06 अप्रैल। आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यु कोर्ट ने एक बार फिर झटका दिया है। अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार करते हुए उनकी न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी है।

पुलिसकर्मियों की बस पलटी तीन जवानों की मौत, 21 घायल

सिवनी 6 अप्रैल । मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के केवलारी थाना क्षेत्र के लोपा गांव के पास 35वीं बटालियन के एसएफ जवानों को ले जा रही बस एक कार से टकराने के बाद पलट गई, जिसमें 3 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और 21 घायल हो गए।

बीजापुर में लाल आतंक के खिलाफ जवानों को मिली बड़ी सफलता, मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

बीजापुर, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों के खात्मे के लिए सुरक्षा बल के जवान लगातार अभियान चला रहे हैं। इसी बीच छत्तीसगढ़-तेलंगाना बार्डर से सुरक्षा बल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। जवानों ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराया है। जवानों ने मौके से एलएमजी और एके-47 हथियार भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार बीजापुर जिले के पुजारी कांकेर के नंबी कोर गुट्टा के पहाड़ी व जंगलों में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। तेलंगाना की ग्रे हाउंड और छत्तीसगढ़ पुलिस ने संयुक्त एंटी नक्सल आपरेशन की ओर यह कार्रवाई की गई है। तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित पुजारी कांकेर के नंबी कोर गुट्टा के पहाड़ी जंगलों में मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के मारे जाने खबर मिली है। घटनास्थल से एलएमजी और 47 समेत कई हथियार मिलने की भी जानकारी मिली है। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ होने की जानकारी दी है। यह उसूर थाना क्षेत्र का मामला है। पुलिस की ओर नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी है।

छत्तीसगढ़ के जवानों के दबाव से नक्सली तेलंगाना की ओर रुख कर रहे हैं। इसी मौके पर तेलंगाना ग्रेहाउंड ने आपरेशन चलाकर छत्तीसगढ़ के नंबी कोर गुट्टा पहाड़ी में घेराबंदी की। इसी बीच जवानों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को ढ़ेर हो गए। अभी सर्चिंग अभियान जारी है। विस्तृत जानकारी आने में वक्त लगेगा। बीजापुर जिले के गंगालूर क्षेत्र में बीते दो अप्रैल को नक्सलियों के लड़ाकू दस्ता कंपनी नंबर दो के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल ने 13 नक्सलियों को मार गिराया था। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से 13 नक्सलियों के शव सहित एक लाइट मशीन गन, बैरल ग्रेनेड लांचर और अन्य हथियार व गोला-बारूद बरामद किए गए थे। बस्तर में सुरक्षा बल का यह अब तक का सबसे सफल अभियान है।

बंगाल में ईडी के बाद अब एनआईए की टीम पर हमला, कार में तोड़फोड़, दो अधिकारी घायल

कोलकाता। संदेशखाली में ईडी टीम को निशाना बनाए जाने के बाद अब पूर्व मेदिनीपुर के भूपतिनगर में केंद्रीय एजेंसी एनआईए की टीम पर हमला किया गया। कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देशानुसार एनआइए टीम शनिवार को जांच के लिए पहुंची थी। जांचकर्ताओं की कार में तोड़फोड़ की गई। एनआइए ने दावा किया कि दो व्यक्ति को पूछताछ के लिए ले जाते समय उन पर हमला किया गया। एनआईए के अधिकारी इलाके में हुए विस्फोट की जांच के लिए भूपतिनगर गए थे। जब एनआइए दो लोगों को पकड़कर ले जा रही थी, उसी समय ग्रामीणों ने दोनों आरोप है कि की रिहाई की मांग करते हुए एनआईए की गाड़ी को घेर लिया और कार पर हमला कर दिया। खबर है कि एनआइए के दो अधिकारियों को मामूली चोट लगी है।

बिहार के इन जिलों में पड़ेगी लू की मार, अलर्ट जारी



पटना। राजधानी सहित राज्य के अधिकांश शहर हाल ही में भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं। उत्तर से बहने वाली गर्म पछुआ हवा तापमान बढ़ाती है और आर्द्रता कम करती है, और यह हवा के तापमान से भी अधिक गर्म महसूस होती है।

अप्रैल के पहले सप्ताह में पटना समेत अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री अधिक रिकॉर्ड किया गया. पांच दिनों में पटना का अधिकतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया. पटना का अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस था. मौसम एजेंसी ने कहा कि राजधानी सहित अन्य शहरों में राजस्थान राज्य के जैसलमेर से अधिक तापमान दर्ज किया गया।

पीएम मोदी पर विवादित टिप्पणी कर फंसे नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत आयोग के निर्देश पर एफआईआर

राजनांदगांव। नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध तल्ख टिप्पणी करना महंगा पड़ गया है। महंत के प्रधानमंत्री के सिर पर लाठी मारने वाले बयान को हेट स्पीच मानते हुए केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं। आयोग के पत्र के अनुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर राजनांदगांव कलेक्टर ने डा. महंत के विरुद्ध अपराध दर्ज करवा दिया है। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि महंत पर धारा 506 (धमकी) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। तीन अप्रैल को राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नामांकन रैली और सभा में महंत ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सिर फोड़ने के लिए आदमी चाहिए। यदि कोई लाठीधर के खड़ा हो सकता है तो वह भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव हैं। महंत के इस बयान के बाद रायपुर से लेकर दिल्ली तक विरोध प्रकट कर भाजपा ने 'मैं भी हूं मोदी का परिवार, पहली लाठी मुझे मार' अभियान छेड़ दिया था। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग से कार्रवाई के लिए निर्देश मिला था। उसके परिपालन में पुलिस को पत्र लिखा गया था।

भूपेश बघेल के खिलाफ कोर्ट से समन जारी करवाने की तैयारी में सिसोदिया के वकील

रायपुर, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने पीसीसी के पूर्व महामंत्री अरूण सिसोदिया का भेजा मानहानि की नोटिस लेने से इंकार कर दिया है। सिसोदिया ने यह नोटिस स्पीड पोस्ट के जरिए मान सरोवर कालोनी स्थित बघेल के निवास भेजा था। पोस्ट मेन ने नोटिस लेने से मना करने का स्टांप लगाकर सिसोदिया के वकील को लौटा दिया है। अब सिसोदिया के पास कोर्ट में याचिका दायर कर बघेल के समन भिजवाने का विकल्प है। सिसोदिया ने, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भाजपा स्लीपर सेल कहे जाने पर मानहानि का यह नोटिस भेजा है। भारत निर्वाचन आयोग के सामने आचार संहिता उल्लंघन को लेकर भूपेश बघेल के खिलाफ शिकायत बीजेपी की ओर से भी की गई है। भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने शिकायत में कहा है कि पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूपेश बघेल ने 26 मार्च को पाटन के आमालोरी गांव में आयोजित कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में आयोग के खिलाफ भड़काऊ बयान दिए थे।

पत्र में बताया गया कि उन्होंने कहा था अगर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में 375 से अधिक कैंडिडेट होंगे तो निर्वाचन आयोग को राजनांदगांव में बैलेट पेपर से मतदान करवाना होगा। इसलिए पाटन क्षेत्र के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में जाकर नामांकन दाखिल करें. इस बयान को भाजपा ने चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश बताया है।

शराब घोटाला: 'सीएम जेल से सरकार चलाना चाहते हैं, सिर्फ इसलिए मुलाकात के फेरे नहीं बढ़ा सकते', ईडी ने किया विरोध

नईदिल्ली, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

केजरीवाल की जेल में वकीलों से हफ्ते में पांच बार मुलाकात करने देने की मांग का विरोध करते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि केजरीवाल जेल से सरकार चलाना चाहते हैं, उन्हें खास विशेषाधिकार नहीं दिए जा सकते। ईडी की दलील सुनने के बाद अदालत ने केजरीवाल की अर्जी पर आदेश सुरक्षित रख लिया। केजरीवाल ने तर्क रखा कि चूंकि वह विभिन्न राज्यों में कई एफआईआर का सामना कर रहे हैं, बहुत सारे कानूनी काम होते हैं। इसलिए बैठकों की संख्या बढ़ाई जाए।राउज एवेन्यु कोर्ट स्थित विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने दलीलों पर गौर करते हुए मामले में आदेश पारित करने की तारीख 9 अप्रैल तय की। ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने कहा कि आवेदक सप्ताह में पांच बार कानूनी बैठक की मांग कर रहे हैं, जो स्पष्ट रूप से जेल मैनुअल के खिलाफ है। मैनुअल के अनुसार सप्ताह में सिर्फ एक कानूनी मुलाकात की अनुमति है और विशेष परिस्थितियों में दो बार उन्हें मिलने दिया जा सकता है। वहीं आवेदक को पहले से ही दो मुलाकातें मिल रही हैं। अगर कोई जेल से सरकार चलाने का विकल्प चुनता है, तो उनके साथ असाधारण व्यवहार नहीं किया जा सकता है। एक अप्रैल को अदालत ने आबकारी नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा था। आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

ओवरटेक कर रही गाड़ी से टक्कर के बाद फॉर्च्यूनर को लगी आग, जिंदा जले लुधियाना के एसीपी और गनमैन

लुधियाना। लुधियाना में समराला के गांव दयालपुरा के पास चंडीगढ़ रोड मैन हाईवे पर देर रात करीब एक बजे स्कॉर्पियो गाड़ी की टक्कर में बेकाबू हुई फॉर्च्यूनर में आग लग गई। इसमें लुधियाना पूर्वी से एसीपी संदीप सिंह और उनके गनमैन प्रभजोत सिंह जिंदा ही जल गए। गाड़ी का ड्राइवर गंभीर रूप से जख्मी है जिसे निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। पुलिस स्कॉर्पियो कर चालक का भी पता लगाने में जुट गई है।

तनाव के बावजूद भारत ने मालदीव को भेजीं आवश्यक आपूर्ति, मंत्री ने जताया आभार तो जयशंकर ने कही ये बात

नईदिल्ली, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर नेबरहुड फर्स्ट और सागर की अपनी नीतियों के प्रति नई दिल्ली की प्रतिबद्धता दोहराई है। दरअसल, भारत और मालदीव के बीच रिश्तों में जमी बर्फ अभी पिघली नहीं है। इसके बावजूद भारत ने द्वीप राष्ट्र को जरूरी चीजों का निर्यात करने का फैसला बरकरार रखा है। इस पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारत का आभार जताया, जिस पर जयशंकर ने नई दिल्ली की नीतियों की प्रतिबद्धता दोहराई। मूसा जमीर ने ट्वीट किया, मैं मालदीव को वर्ष 2024 और 2025 के दौरान भारत से आवश्यक वस्तुओं का आयात करने में सक्षम करने के लिए कोटा के नवीनीकरण के लिए विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं।

भारत का यह कदम दीर्घकालिक मित्रता को दर्शाता है। यह मजबूत द्विपक्षीय रिश्ते की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मालदीव के विदेश मंत्री के धन्यवाद का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा, यू आर वेलकम जमीर।

आईसीजी एमुरु पाल पहुंचे तमिलनाडु आईसीजी मंडपम में भारतीय तटरक्षक जलीय केंद्र का किया उद्घाटन

चेन्नई, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के महानिदेशक राकेश पाल तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी में समुद्री बल के ठिकानों के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने तमिलनाडु में रामेश्वरम के निकट आईसीजीएस मंडपम में भारतीय तटरक्षक जलीय केंद्र का उद्घाटन किया।

पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे आतंकी जहां भी चले जाएं बचेंगे नहीं

विदेशी मीडिया के दावे पर राजनाथ सिंह का दो टूक जवाब

नईदिल्ली, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

अगर आतंकवादी भारत में शांति भंग करने की कोशिश करेंगे या आतंकी गतिविधियों को अंजाम देंगे तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अगर वे पाकिस्तान भाग गए तो भारत उन्हें पड़ोसी देश में घुसकर मार गिराएगा। ये बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए अपनी सरकार के स्पष्ट एजेंडे को दिखाते हुए कही है। रक्षा मंत्री ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें दावा किया गया था कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 2019 के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के एक अभियान के तहत पाकिस्तान में आतंकवादियों की हत्याएं कीं। राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पड़ोसी देश के आतंकवादी भारत में शांति भंग करने की कोशिश करेंगे या भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करेंगे, तो हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि अगर वे पाकिस्तान भाग जाते हैं, तो हम उन्हें मारने के लिए पाकिस्तान में घुसेंगे।

बेगूसराय में पुलिस टीम पर हमला, शराब माफियाओं को गिरफ्तार करने गए थे पुलिसकर्मी, पथराव करने लगे बदमाश

बेगूसराय। बेगूसराय में शराब माफियाओं ने एक बार फिर उत्पाद विभाग की टीम पर हमला कर दिया है। इस हमले में एक हवलदार गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं छापेमारी करने गए पुलिसकर्मी जान बचाकर उस जगह से भागने में सफल रहे। इधर, घटना के बाद काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। और, पुलिसकर्मी इधर-उधर अपना जान बचाकर भागते रहे। वहीं घायल हवलदार का इलाज बेगूसराय के सदर अस्पताल में चल रहा है। मामला नगर थाना क्षेत्र के माल गोदाम स्थित झोपड़पट्टी का है। घायल हवलदार की पहचान उत्पाद विभाग में पदस्थापित राजनंदन कुमार के रूप में की गई है। घायल हवलदार राजनंदन कुमार ने बताया है कि शराब बेचने की गुप्त सूचना मिली थी।

डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection
कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेज़र | जोधपुरी | लहंगा
U.S. POLO ASSN. MUFTI KILLER Levi's BLACKBERRYS nostrum
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

न्याय पत्र के साथ स्वस्थ लोकतंत्र स्थापित करने चुनावी मैदान में उतरेगी कांग्रेस:महंत

कोरबा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव का न्याय पत्र 2024 कोरबा में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने विमोचित किया। कोरबा प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित पत्रवार्ता में डॉ. महंत ने न्याय पत्र में शामिल 5 न्याय और 25 गारंटियों की जानकारी दी। घोषणा पत्र में युवाओं को 30 लाख नौकरियां, गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपये सालाना, किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी, जातिगत जनगणना, इसके आधार पर आरक्षण, आरक्षण से 50 प्रतिशत की सीमा हटाने, अग्निवीर योजना बंद करने का वादा को उल्लेखित किया।

डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक, मणिपुर से मुंबई तक न्याय यात्रा की। इस दौरान जो अनुभव उन्होंने किया उसे न्याय पत्र के रूप में सामने रखा गया है। न्याय पत्र हमारा संघर्ष है, हमारी तपस्या है और हमारा संकल्प है जिससे हम सब बंधे हैं। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस इस घोषणा न्याय पत्र के साथ आम जनता के सामने स्वस्थ लोकतंत्र स्थापित करने चुनावी मैदान में उतरेगी। वर्ष 2019 के घोषणा पत्र में हमने जो बातें कही थी, चूंकि हमारी सरकार नहीं बन सकी तो वह घोषणा पत्र पूरा का पूरा हमने इस न्याय पत्र में शामिल किया है, जो यथावत माने जाएंगे और इन्हें पूरा करने की हम प्रतिबद्धता जाहिर करते हैं।

न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और आर्थिक बिंदुओं पर जो देखा उसे घोषणा पत्र में लाया है और उन्हें पूरा किया जाएगा। हमने घोषणा पत्र में आदिवासियों के हित की भी बात कही है और निश्चित ही वे हमारे साथ आएंगे। यह घोषणा पत्र क्षेत्र विशेष नहीं बल्कि भारत की जनता के प्रति विशेष है। देश का संविधान जो हमारी जीवन रेखा है उस पर खतरा मंडरा रहा है। देश में स्वस्थ लोकतंत्र व संविधान को खतरे से बचाने के लिए यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है और प्रत्येक व्यक्ति अपने मत का उपयोग करे। डॉ. महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पिछले चुनाव से इस बार काफी मजबूत स्थिति में है, हम कोरबा लोकसभा में भी बहुत हासिल कर पुराने रिकॉर्ड को आगे बढ़ाएंगे। घोषणा न्याय पत्र विमोचन के अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, शहर अध्यक्ष सपना चौहान, सभापति श्यामसुंदर सोनी भी उपस्थित थे।

नौकरी लगाने के नाम पर की गयी ठगी

कोरबा। छत्तीसगढ़ के तत्कालीन कैबिनेट मंत्री डॉ. शिव डहरिया का खुद को निजी सचिव होना बताकर एक व्यक्ति ने नौकरी लगवाने की आड़ में ठगी को अंजाम दिया है। पीड़ित ग्राम एतमानगर थाना बांगो में रहता है उसने बताया की उसकी बेटी को नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी की गई है। उसकी बेटी ने 2020 में स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा 2020 में फार्म भरा था। ग्राम बांगो में समाज के गुरु के घर में एक पलारी निवासी से पीड़ित का परिचय हुआ था। दूसरे दिन उससे चर्चा हुई तब उसने अपना परिचय कैबिनेट मंत्री डॉ. शिव डहरिया के निजी सचिव के रूप में दिया, उसने बेटी की नौकरी लगवाने का झांसा देकर दो लाख रूपये मांगे। उसकी बातों पर विश्वास कर 28/08/2020 को 50 हजार रूपये नगद दिया। 04/09/2020 को पुनः 1,50,000/- रू. ले लिया। बहुत समय बीत जाने के बाद जब पीड़ित ने उससे नौकरी के बारे में पूछा तो टाल-मटोल करने लगा। पीड़ित उसको खोजते हुए 11/01/2022 को उसके घर गया और पैसा वापस करने के लिए बोला तो मेरे पास अभी पैसा नहीं है, आप के भांचा के नाम से पचास हजार का चेक दे रहा हूं, कहकर एक चेक दिया। बाकी पैसा बाद में देने का वादा किया। पीड़ित ने बताया कि उसके द्वारा अन्य लोगो से भी नौकरी लगाने के लिये पैसा मांगा गया था। जिसका पता चलने पर धोखाधड़ी का पता चला। बांगो पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर उसके विरुद्ध धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

रक्षित केंद्र कोरबा परेड ग्राउंड में किया गया अभ्यास

कोरबा । पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में परेड ग्राउंड रक्षित केंद्र कोरबा में आगामी लोक सभा चुनाव और कानून व्यवस्था को देखते हुए बलवा ड्रिल परेड का रिहर्सल कराया गया।

करीब 180 पुलिसकर्मी बलवा ड्रिल में शामिल हुए। इसमें अश्रु गैस, वज्र वाहन, केन पार्टी, लाठी पार्टी , आर्म्स पार्टी , बलवा पार्टी, वरुण (वाटर कैनन दस्ता), एंबुलेंस पार्टी सम्मिलित हुए। अभ्यास में पुलिस की एक पार्टी दंगाई और दूसरी पार्टी बलवा ड्रिल की किट पहनकर इन्हें रोक रही थी। जैसे ही दंगाई बने पुलिसकर्मियों ने पथराव और उपद्रव शुरू किया तो पुलिसकर्मियों ने पहले बैरीकेड से इन्हें रोका।

जब अनियंत्रित हो गए तो अश्रु गैस के गोले छोड़े। फिर कैन, लाठी और राइफल पार्टी के माध्यम से ड्रिल पूर्ण किया गया।

इस ड्रिल अभ्यास में सभी राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना/चौकी/पुसके के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।ड्रिल अभ्यास के माध्यम से पुलिस को बेहतर रूप से ऐसी परिस्थिति से निपटने के संबंध में बताया गया।

रजगामार में हुआ भाजपा का सम्मेलन,बडी संख्या में जुटे कार्यकर्ता

कोरबा। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत रामपुर विधानसभा के रजगामार विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता महा सम्मेलन मे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री लखन लाल देवागन, लोकसभा समन्वयक ननकी राम कंवर,कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय जी,लोकसभा संयोजक भैया लाल राजवाड़े, सह संयोजक मनोज शर्मा जिलाध्यक्ष डाक्टर राजीव सिंह विधानसभा संयोजक व जिला महामंत्री टिकेश्वर राठिया, द्वारा भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैल्य चित्र पर पूजा अर्चन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया,

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने निशाना साधते हुए कहा कि 5 साल से कोरबा की संसद निष्क्रिय होकर किसी भी प्रकार के विकास कार्य नहीं किये हैं तथा कांग्रेस पार्टी मे परिवार वाद हावी हैं उद्योग मंत्री लखन लाल ने मांगा ने कहा कि कांग्रेस के नेता हर घर में चुनाव जनता के बीच सिर्फ झूठे वादे लेकर जाते हैं हमारी सरकार के आते ही सारे वादों को हमारी सरकार ने ऐतिहासिक काम किया है लोगो से अपील किया की भारी बहुमत से सरोज पाण्डेय जी को विजय बनाने की अपील कीअनेक सरपंचो ने किया भाजपा प्रवेशजसमें अनेक ग्रामों के सरपंच, तथा जोगी कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ताओ ने भाजपा का दामन थामाकार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी श्रीवास,कुल सिंह कँवर ,प्रदीप पटेल धन सिंह कंवर नटवर शर्मा बंधु भारी संख्या में उपस्थित रहे।

जनता कांग्रेस का कोरबा से हुआ सफाया, 4000 से अधिक कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

कोरबा। भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के समक्ष,उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के नेतृत्व में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ का कोरबा जिले से पूरी तरह से सफाया हो गया। प्रदेश, जिला स्तर से लेकर 4 हजार से अधिक कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए।

शुक्रवार की शाम एक निजी होटल में भाजपा प्रवेश कार्यक्रम आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में सांसद प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय,उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी की उपस्थिति में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ कोरबा का भाजपा में विलय हो गया। उद्योग मंत्री के नेतृत्व में पिछले एक पखवाड़े में सैकड़ों कांग्रेसी नेताओं का भाजपा प्रवेश हो चुका है।जनता कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल, कोर कमेटी के सदस्य पवन अग्रवाल, प्रदेश महासचिव दीपनारायण सोनी, शहर अध्यक्ष वैभव शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष बालमुकुंद राठिया, वॉर्ड क्रमांक 56 के पार्षद पदमा साहू, वॉर्ड क्रमांक 15 के पार्षद धनसाय साहू, वार्ड क्रमांक 44 के पार्षद सुनील पटेल, वॉर्ड क्रमांक 9 के पार्षद रूप सिंह, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष लोकेश्वरी भारद्वाज, युवा जिला अध्यक्ष साजू एलेक्स, जिला उपाध्यक्ष रोशन अग्रवाल, युवा प्रदेश महासचिव मिर्जा आसिफ बेग समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता भाजपा में शामिल हुए।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ से जुड़े बहुत सारे जकांछ के नेता, विभिन्न समाज के पदाधिकारी भी भाजपा में शामिल हुए। अखिल भारतीय सतनामी कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े, सर्व यादव समाज की जिला अध्यक्ष गीता यादव, बिरहोर समाज के जिला अध्यक्ष फिरतराम पहाड़ी, प्रजापति महिला मंडल अध्यक्ष रीता प्रजापति, महंत समाज के प्रमुख मोहर दास महंत शामिल हुए। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन की रणनीति से कांग्रेस चारों खाने चित्त हो रही है। कटघोरा, छुरी, पाली तानाखार के बाद कोरबा विधानसभा में भी बड़ी संख्या में अब तक कांग्रेस, जनता कांग्रेस के बड़े नेता, पार्षद व मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो चुके हैं।सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है की जनाधार वाले नेताओ के बीजेपी में आने से भाजपा और भी मजबूत हो गई है।

स्वास्थ्य शिविर में कल होगी रक्त सर्कारा की जांच

कोरबा। 7 अप्रैल विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इस वर्ष की थीम 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओरमिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के तत्वाधान में निशुल्क रक्त शर्करा जांच, आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन दिनाँक 7 अप्रैल 2024 रविवार को पतंजलि चिकित्सालय निहारिका में प्रात: 10 से 2 बजे तक किया गया है।शिविर के विषय में लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल ने बताते हुए कहा कि इस शिविर में छत्तीसगढ़ प्रांत के ख्यातिलब्ध आयुर्वेद चिकित्सक, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव लायन डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करेंगे। जिनके द्वारा शिविर में आये रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्रदान करने के साथ साथ उनके लाइफस्टाइल तथा डाइट के विषय में विशेष जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जायेगा जो की विश्व स्वाथ्य दिवस का उद्देश्य भी है।

भर्ती का झांसा देकर ठगने वाले गिरोह सक्रिय

कोरबा । छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में विभिन्न पदों के लिए फर्जी भर्ती की सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देकर ठगी करने का प्रयास कतिपय लोगों द्वारा किया जा रहा है। इसकी जानकारी होने के बाद कंपनी प्रबंधन सावधान हो गया है और लोगों को आगाह किया है कि ऐसे फर्जी विज्ञापनों पर ध्यान न दें।छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पी.के. कश्यप ने बताया कि कतिपय लोगों द्वारा फर्जी जानकारी देकर छात्रों को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। पॉवर कंपनी ने इस तरह का कोई विज्ञापन जारी नहीं किया है और न ही इस तरह के पदनाम से कोई सीधी भर्ती होती है। ठगी करने वाले छत्तीसगढ़ शासन और सीएसपीडीसीएल का अधिकृत लोगो (प्रतीक चिन्ह) का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और नियुक्ति पत्र देने के एवज में एक-एक हजार रूपए की मांग कर रहे हैं। श्री कश्यप ने सर्वसाधारण को आगाह किया है कि इस तरह के फर्जी व भ्रामक विज्ञापन के झांसे में न आएं। किसी के द्वारा इसे लेकर पैसे मांगे जाते हैं तो पुलिस में शिकायत करें। पॉवर कंपनी में सभी भर्तियां विधिवत प्रक्रिया के तरह पूरी की जाती है, जिसमें समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी कर अधिकृत संस्था से परीक्षा लेकर की जाती है। श्री कश्यप ने बताया कि सोशल मीडिया पर छत्तीसगढ़ बिजली विभाग भर्ती के नाम से फर्जी जानकारी साझा की जा रही है, यह पूरी तरह भ्रामक है।

पावर प्लांट में खराबी

कोरबा। छत्तीसगढ़ के 5 जिलों में शुक्रवार दोपहर पावर सप्लाई ठप हो गई। जिलों में बिजली सप्लाई करीब 2 घंटे तक बाधित रही। कोरबा स्थित 500 मेगावाट डीएसपीएम पावर प्लांट में खराबी के कारण ऐसा हुआ है। सबसे ज्यादा प्रभाव बिलासपुर और सरगुजा में इसका पड़ा। डीएसपीएम की दो यूनिट अचानक ट्रिप हो गई।

एसईसीएल प्रभावित ग्रामों में गहराया जल संकट-आंदोलन की चेतावनी

कोरबा । साउथ ईस्ट कोलफील्ड लिमिटेड एसईसीएल गेवरा दीपका के अमगांव पंचायत सहित प्रभावित ग्रामों में गर्मी आगमन होने से पहले ही ग्रामीणों को जल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। प्रतिवर्ष शुद्ध पेयजल के लिए एसईसीएल और प्रशासन को संघर्ष करके ध्यानाकर्षित कराया जाता है। लेकिन एसी में बैठे अधिकारी प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों की चिंता किसी को नहीं और ना ही उनके जीवन से कोई लेना-देना नहीं है ग्रामीणों ने एसईसीएल और प्रशासन के अधिकारी को आंदोलन की चेतावनी दिया है। ऊर्जांधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति के अमगांव ग्राम इकाई संयोजक अमृता यादव ने अपने आरोप लगाते हुए प्रेस उद्बोधन में कहा है कि जल के बगैर जीवन अधूरा है। प्रतिवर्ष जल के लिए ग्रामीणों को संघर्ष करना पड़ता है। कोयला खदानों को गांव से सटकर खनन कार्य और हैवी ब्लास्टिंग की जा रही है। जिसके कारण खदान में गहराई होने से प्रभावित ग्रामों के जल स्रोत गर्मी आते ही खत्म हो जाती है। उन्होंने आगे कहा कि एसईसीएल और प्रशासन के अधिकारी को मालूम होता कि जल की भीषण समस्या प्रभावित ग्रामों में है। समस्या आने से पहले ही पानी की उत्तम व्यवस्था एसईसीएल को करनी चाहिए। लेकिन ऐसा किसी भी वर्ष नहीं होता है, बल्कि प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों को हर वर्ष जल के लिए संघर्ष करना पड़ता है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल की समस्या के लिए एसईसीएल और प्रशासन गंभीर नहीं होंगे तो ग्रामीणों के द्वारा भीषण आंदोलन की चेतावनी दी हैं।उन्होंने आरोप लगाते हुए आगे कहा की जिस तरह से कोयला खदानों का विस्तार किया जा रहा है, साथी ही खनन कार्य और हैवी ब्लास्टिंग कराकर उत्पादन की क्षमता को बढ़ाया जा रहा है। उसी प्रकार प्रभावित ग्रामों में शुद्ध पेयजल की उत्तम व्यवस्था के लिए अधिकारियों को विशेष ध्यान देना चाहिए पर किसी भी वर्ष ऐसा नहीं दिखाई देता हर वर्ष अधिकारियों को संघर्ष करके ध्यानाकर्षित कराया जाता है। किसान अपनी जमीन खोने के बाद भी दर-दर की ठोकरे खाने को छोड़ दिया जाता है। इस कारण से कोयला खदान के उत्पादन व खनन कार्य में प्रभावित होता है। इन सबके जिम्मेदार स्वयं एसईसीएल के जिम्मेदार अधिकारी होते हैं, जिसके वजह से प्रशासन के अधिकारियों को हस्तक्षेप सलाह समझौता करने पर एसईसीएल बार-बार मजबूर करते हैं। एसईसीएल प्रबंधन प्रशासन का समय बर्बाद करने में भी कोई कोताही नहीं करते अमगांव पंचायत के ग्रामीणों ने शुद्ध पेयजल व निस्तार के लिए कुछ दिनों पहले प्रबंधन के अधिकारियों के साथ बैठक कर पानी की अकाल समस्याओं से अवगत कराया था।

पीडब्लूडी ने नहीं सुनी ननकीराम की अनुशंसा,सड़क के लिए तरसे बगबुड़ा-आमापाली के ग्रामीण

कोरबा। कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग कोरबा को पत्र लिखकर तत्कालीन रामपुर विधायक ननकी राम कंवर ने अनुशंसा किया था जो बेकार साबित हुआ। उनके पत्र और जनता के मांग की घोर अनदेखी विभाग द्वारा की गई है।रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बगबुड़ा से आमापाली (तिलकेजा) पहुँच मार्ग मरम्मत कराने बाबत श्री कंवर ने लिखा था कि मेरे विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम बगबुड़ा एवं आसपास के अन्य ग्रामवासियों द्वारा समक्ष भेंट कर अवगत कराया गया है कि ग्राम बगबुड़ा से आमापाली पहुँच मार्ग जो कि तिलकेजा भैसमा रोड़ को जोड़ती है। वह पहुँचमार्ग अत्यंत जर्जर हो गई है। जिसे ग्रामवासियों के द्वारा मरम्मत कराये जाने की मांग की गई है। जन हित में उक्त पहुँच मार्ग मरम्मत किये जाने हेतु अनुशंसा करता हूँ।

ज्योत्सना ने कहा लोकतंत्र बचाने के लिए बदलनी है बीजेपी की सरकार

कोरबा सांसद व लोकसभा उम्मीदवार ज्योत्सना चरणदास महंत ने आज संसदीय क्षेत्र के बैकुंठपुर भांडी चौक, कंचनपुर, कसरा, बुड़ार, तेन्दुआ, डुमरिया आदि गांवों और क्षेत्रों में जनसंपर्क किया।इस दौरान ज्योत्सना महंत ने कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है। मोदी जी पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं से कहते हैं कि पकौड़ा तलें। हमारे बच्चों का भविष्य खतरे में है। किसानों के लाभ की गारंटी नहीं है। मजदूरों को कभी भी काम से निकाल देते हैं, उन्हें काम की गारंटी नहीं है। देश का संविधान खतरे में है। महिलाओं को छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद तो 3 महिने तक पैसा ही नहीं दिया गया। सांसद ने कहा कि कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है जिसमें 5 गारंटी पूरा करने का वादा हम कर रहे हैं। युवाओं को बेरोजगारी से दूर कर 30 लाख से अधिक नौकरी का हमारा वादा है। महिलाओं को सशक्त करने के लिए गरीब परिवार की एक महिला के खाते में हर महिने 8333 रुपए सरकार बनते ही मात्र आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लेकर जारी किया जाएगा और साल में 1 लाख रुपए देंगे। मजदूर योजना में किसी भी मजदूर को कभी भी काम से निकाला नहीं जा सकेगा हम इसकी गारंटी देंगे। मनरेगा सहित अन्य रोजगार योजनाओं में मजदूरों को 400 रुपए देने का हमारा वादा है जो दुगुनी रकम है। सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि कांग्रेस आप लोगों के लिए ही लड़ रही है तो सबका साथ जरूरी है। इस देश को बचाने के लिए कांग्रेस को चुनकर लाना होगा वरना वो फिर आएं तो संविधान खत्म हो जाएगा, यह आखिरी चुनाव होगा। इंदिरा गांधी ने राजाओं को हटाकर प्रजा के लिए लोकतंत्र की स्थापना का काम किया और अगर ये आ गए तो राजा बनकर काम करेंगे, लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। सांसद ने उपस्थित जनसमुदाय को भरोसा दिलाया कि 5 साल में आपको कार्य और बदलाव देखने को मिलेगा और सारा कुछ जनता के मतदान के अधिकार पर निर्भर है। इस बार कांग्रेस का साथ देकर बीजेपी की सरकार बदलनी है।

जिले के मासूम बच्चे को अमेरिकी दंपति ने लिया गोद

कोरबा । कोरबा में जिस बच्चे के दिल में छेद था, उस बच्चे को अमेरिकी दंपति ने गोद लिया है। पूरे रस्मों-रिवाज के साथ बच्चे को अमेरिकी दंपति को कोरबा के माताछाया सेवा भारती संस्था ने सौंपा। एक मासूम जिसे पैदा होते ही उसकी मां और परिवार ने त्याग दिया, जिसके दिल में 4 एमएम का छेद था। उस मासूम को शिशु मातृछाया ने सहारा दिया। मासूम का इलाज रायपुर के बड़े अस्पताल में कराया गया। फिलहाल शिशु स्वस्थ है। छोटी उम्र में ही जीवन के बड़े संघर्ष के बाद अब इस बच्चे को उसके माता-पिता मिल गए हैं। अमेरिका से आए दंपति ने इस बच्चे को गोद ले लिया है। मातृछाया में गोद भराई की रस्म धूमधाम से निभाई गई। इस बच्चे को विधि-विधान से अमेरिकन दंपति का सौंपा गया है, जिस बच्चे को उसके माता-पिता ने त्याग दिया था। अब वह अमेरिका में रहेगा।मातृछाया सेवा भारती का एक प्रकल्प है। यहां ऐसे बच्चों को रखा जाता है, जिन्हें पैदा होते ही उनके माता-पिता त्याग देते हैं। जो कूड़े में, नाले में या मातृछाया के ही पालने में संस्था को मिल जाते हैं। यह संस्था भारत सरकार और स्थानीय महिला एवं बाल विकास विभाग से पंजीकृत होती है। संस्था सरकार की देखरेख में काम करती हैं। कोरबा के एक वर्ष 11 महीने के बालक को गोद लेने अमेरिकन दंपति पहुंचे थे। जो बीते कई सालों से किसी बच्चे को गोद लेने की प्रक्रिया का पालन कर रहे थे। लंबी वेटिंग के बाद उन्हें अवसर मिला। भारतीयों की संस्कृति को देखकर वह अभिभूत थे। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति बेहद लगाव है, इसलिए हम एक भारतीय बच्चे को ही गोद लेना चाहते थे। हमारे स्वागत में यहां जो भी कार्यक्रम किया गया, उसे देखकर हम काफी अच्छा महसूस कर रहे हैं। लाइफलाइन चिल्ड्रन सर्विस एजेंसी अधिकारी अलेक्स सैम कोरबा पहुंचे हुए थे. यह संस्था भारत सरकार के देखरेख में बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया को पूरा करती है। एलेक्स ने बताया कि सेंट्रल अडोप्ट रिसोर्स ऑथरिटी (ट्रक) के जरिए गोद लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना पड़ता है। विदेशी दंपति ने शिशु को गोद लेने के लिए लगभग 3 साल पहले आवेदन किया था। वह वेटिंग में थे, उन्हें हिंदुस्तानी बच्चों को ही गोद लेना था। इसके लिए अमेरिका और भारत के दूतावास के बीच चर्चा होती है। सर्टिफिकेट जारी किए जाते हैं। इसके साथ ही स्थानीय कलेक्टर के भी आदेश की जरूरत पड़ती है। यह भी देखा जाता है कि दंपति बच्चे का पालन पोषण ठीक तरह से कर सकते हैं या नहीं। मापदंडों पर खरा उतरने के बाद ही बच्चे को गोद लेने की अनुमति मिलती है। गोद लेने के बाद भी 2 साल तक दंपति निगरानी में रहते हैं। हर 6 महीने में एक अधिकारी उनके घर का विजिट कर यह सुनिश्चित करते हैं कि गोद लिए गए बच्चे का पालन-पोषण ठीक तरह से किया जा रहा है या नहीं। अक्सर हम देखते हैं कि विदेशी जोड़े हिंदुस्तानी बच्चों को गोद लेना चाहते हैं, जिसका कारण यह भी है कि यहां गोद लेने के लिए बच्चे उपलब्ध होते हैं और प्रक्रिया में दो से ढाई साल का समय जरूर लगता है, लेकिन यह बेहद सरल और सुगम है। इस बारे में मातृछाया संस्था के सचिव सुनील जैन ने कहा कि, यह हमारे लिए बेहद खुशी की बात है कि हमारे संस्था की ओर से जिस बच्चे का पालन पोषण किया गया है, जिस बच्चे के दिल में छेद था। इतनी विषम परिस्थितियों के बाद भी अब वह अमेरिका जैसे देश में जाकर रहेगा। जिन बच्चों को पैदा होते ही छोड़ दिया जाता है, उन्हें हम रखते हैं। हमारे संस्था में काम करने वाली यशोदा मांएं बच्चों का पालन-पोषण करती हैं। वह बच्चों को सिर्फ दूध नहीं पिलाती बाकी सभी तरह के देखभाल वह करते हैं। एक तरफ हमें खुशी है कि बच्चा अमेरिका जा रहा है. वहीं, दूसरी तरफ यह दुख भी है कि जिस बच्चे का हमने 1 साल 11 महीने तक पालन-पोषण किया। अब वह हमारे परिवार से दूर हो जाएगा।

अवैध धन होने की आशंका में की जा रही कार्रवाई

जांजगीर। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव को लेकर एफएसटी चेक पोस्ट बनाया है। साथ ही चुनाव के दौरान रुपए की हेराफेरी रोकने के लिए एफएसटी टीम बनाई गई है। मेऊभाठा के पास मेन रोड में एफएसटी टीम क्र. 22 ने कार्रवाई की है। टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान कार से 2 लाख 90 हजार रुपए कैश मिले हैं। वैध कागज नहीं दिखाए जाने के कारण रुपयों को जब्त कर पामगढ़ थाने में रखा है। दरअसल, पामगढ़ थाना क्षेत्र के मेऊभाठा मेन रोड के पास एफएसटी की टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान स्विफ्ट डिजायर सीजी 11 बीई 5457 को रोका गया। कार के अंदर काले रंग के बैग को चेक किया गया, जिसमें कैश रखे हुए थे।

पामगढ़ उप पंजीयक का एक और कारनामा

पामगढ़। पामगढ़ उप पंजीयक कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री में नियमों को ताक पर रखकर की जा रही गड़बड़ियों की परतें अब परत दर परत खुलती जा रही है। जमीन रजिस्ट्री में गड़बड़ी का ऐसा ही एक मामला फिर सामने आया है, जहां विक्रेता पक्ष की महिला की जगह हमनाम की अन्य महिला को खड़ा कर दिया गया और जानकारी होते हुए भी उप पंजीयक ने आंख मूंदकर रजिस्ट्री कर दी। जिसमें पक्षकारों से बड़ी रकम लेन-देन का आरोप भी लग रहा है। मामला पामगढ़ तहसील के ग्राम मेहंदी स्थित भूमि का है जिसकी रजिस्ट्री विगत 27 मार्च को किया गया है।

इस संबंध में ग्राम महेंदी के ग्राम कोटवार से जानकारी ली गई तो दोनों ने ही बताया कि शिवकुमारी पिता उमँवराम पटेल लंबे समय से गांव में नहीं है। कमाने-खाने के लिए परिवार के साथ परदेस गई है। इस बात की पुष्टि शिवकुमारी के पति ने भी की जब पत्रिका रिपोर्टर से मोबाइल पर उससे बात की तो बताया कि यो साल से वह गांव नहीं लौटी है। मैं बीच में आया था। 2023 को पामगढ़ उप पंजीयक कार्यालय में हुई है। इसमें विक्रेता के रूप में बिटावन बेवा उमेदराम, घनश्याम पटेल पिता उमेदराम, भोला पटेल पिता उमेदराम, इंदिरा पटेल पिता उमेदराम और शिवकुमारी पटेल पिता उमेदराम शामिल थे।

नियमानुसार रजिस्ट्री के दौरान सभी पक्षकारों को मौजूद रहना अनिवार्य रहता है। कार्यालय में ही साफ्टवेयर में फोटो खींचने की प्रक्रिया की जाती है। लेकिन बताते चले कि विक्रेता पक्ष की शिवकुमारी पति जगदीश कमाने-खाने परदेस गई है और लंबे समय से गांव में नहीं है। रजिस्ट्री के दौरान भी वह गांव में नहीं थी। ऐसे में गांव की एक ही नाम की महिला शिवकुमारी पति महेन्द्र पटेल को खड़े कराकर रजिस्ट्री करा दी गई। रजिस्ट्री के दौरान इसकी जानकारी होने के बाद भी उप पंजीयक के द्वारा रजिस्ट्री करा दी गई। नियम विरुद्ध जमीन रजिस्ट्री की शिकायत मिलने पर तहसील से उक्त जमीन रजिस्ट्री की नकल कापी निकलवाई गई है जिसमें विक्रेता पक्ष में शिवकुमारी पति महेन्द्र पटेल की आधार कार्ड की फोटो कापी शामिल हैं।

नवरात्र पर चंद्रपुर के लिए पदयात्रा कर पहुंचेंगे सैकड़ों भक्त नगर से

सक्ती। मातारानी की अनोखी भक्ति और शक्ति का अद्भुत नजारा देखना हो तो चले आइए सक्तीनगर। जी हां यहां चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति द्वारा निकाली जाने वाली पदयात्रा में लोग घर परिवार के साथ अपने गांव और जिले की सुख समृद्धि की कामना करने और लोगों को धर्म के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल पैदल यात्रा करते हैं। इस वर्ष भी चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति सक्ती द्वारा मां महामाया देवी मंदिर सक्ती से 13 अप्रैल की सायं 5 बजे पदयात्रा निकाली जाएगी जो शाम 7 बजे मां अष्टभुजी मंदिर पहुंचेगी। इस पदयात्रा में सैकड़ों भक्त शामिल होंगे। इस दौरान जगह-जगह पदयात्रा का स्वागत भी किया जाएगा, साथ ही पदयात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए ग्रामवासियों द्वारा जलपान की भी व्यवस्था की जाएगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल(एस. एस. बैगल्स) ने बताया कि 13 अप्रैल दिन शनिवार को निकाली जा रही पदयात्रा के अड़भार स्थित मां अष्टभुजी मंदिर पहुंचने के उपरांत शाम 7 बजे विशाल भण्डारा का आयोजन होगा, जहां आने वाले भक्त माता का प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। ऐसी मान्यता है कि पदयात्रा में शामिल होने वाले भक्तों की माता रानी मुरादें पूरी करती हैं, इसलिए सैकड़ों भक्त हर साल माता के दरबार जाते हैं। उन्होंने बताया कि पदयात्रा में शामिल होने वाले भक्तों के हाथों में माता की चुनरी से बना लाल झंडा होता है जो जय माता दी के जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ते जाते हैं।

70 फीसदी भवनों में वॉटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम नहीं

जांजगीर-चांपा। बारिश के पानी को बचाने शहर में अनदेखी हो रही है। शासन के द्वारा वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण को सख्ती से लागू कराने निर्देश दिए हैं लेकिन %जिम्मेदारों के द्वारा ही इसका पालन नहीं कराया जा रहा है। स्थिति यह है कि पुराने बसाहट की बात छोड़ दे तो नए भवनों में ही वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की अनदेखी हो रही है। इसकी बड़ी वजह नपा के जिम्मेदारों की अनदेखी है।

नगरपालिका में भवन निर्माण के लिए एनओसी इसी अनुबंध पर दी जाती है कि वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी बनाएंगे। बकायदा इसके लिए अधिकतम 15 हजार रुपए की राशि भी भवन मालिक से जमा कराई जाती है लेकिन भवन निर्माण के दौरान वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया जा रहा है या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग नगरपालिका के द्वारा नहीं की जाती। ऐसे में एकाध भवन मालिक वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवा लेते हैं लेकिन बाकी छोड़ बनवाते ही नहीं। जबकि वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जमा राशि वापसी योग्य होती है। भवन में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार हो जाने के बाद फोटोग्राफ्स के साथ नपा में आवेदन करने पर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए जमा की गई शुल्क वापस मिल जाती है लेकिन नपा में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए जमा शुल्क राशि बता रही है कि लोग यह राशि वापस लेने ही नहीं पहुंच जा रहे हैं। क्योंकि सिस्टम बनवा ही नहीं रहे हैं।

भू-जल स्तर रिचार्ज नहीं हो पा रहा

शहर में हर साल भू-जल स्तर गर्मी के दिनों में नीचे चला जाता है। गर्मी की शुरूआत के साथ ही कई मोहल्लों में जलसंकट शुरू हो जाता है। वो तो शुक्र है कि रबी के लिए नहरों में गर्मी के दिनों में भी पानी छोड़ दिया जाता है। इसके चलते शहर का जलस्तर गर्मी के दिनों में ही मेंटेन रहता है।

गर्मी की धार अगर नहीं चलती तो शहर में पानी के लिए जो किल्लत मचती थी वो किसी से छिपी नहीं है। लेकिन नहर चलने के चलते अब तक वार्डों में टैंकर भेजने की भी जरूरत नहीं पड़ती। हालांकि बोर और हैंडपंप हर साल हांफने लगते हैं। कई वार्डों में 400 से 500 फीट तक बोर कराने में पानी नहीं निकलता।

कई शासकीय भवनों में भी वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की अनदेखी हो रही है। अधिकतर शासकीय भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं है। कुछ भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवा लिए गए हैं तो टूट- फूट गए हैं या उपयोगी नहीं है। शासकीय भवनों में ही वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की अनदेखी हो रही है।

हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने को लेकर सख्ती से पालन कराया जाएगा। भवन निर्माण के लिए एनओसी भी तभी जारी की जाती है। शासकीय भवनों में अगर कहीं कमियां हैं तो इस संबंध में शीघ्र ही उसे दूर किया जाएगा।

प्रहलाद पांडे, सीएमओ

साहू समाज ने मनाई मां कर्मा जयंती

देवरी-चांपा। ग्राम पंचायत के साहू समाज ने भक्त मां कर्मा जयंती मनाई गई। सुबह 10 बजे भक्त मां कर्मा की पूजा की गई व श्रीफल फोड़कर आरती कर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकारिणी अध्यक्ष सतीश कुमार साहू, उपाध्यक्ष रुक्मणि साहू , कोषाध्यक्ष धनू साहू, दिलीप कुमार साहू, राम साहू, रामाधार साहू, दुखीराम साहू, रामेश्वर साहू, अश्वनी साहू, पालेश्वर साहू, अमित साहू, अमन साहू, महेंद्र कुमार साहू, समारीन बाई साहू, पुष्पा बाई साहू, लक्ष्मीन बाई साहू, सुनीता साहू, श्रुति साहू, ललिता साहू उपस्थित थे।

शासकीय स्कूल की रेलिंग तोड़कर ले गए चोर

मुलमुला। थाना क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल को चोर अपना निशाना बनाया है। अज्ञात चोर ने गांव के शासकीय हाईस्कूल में बने अतिरिक्त कक्ष के सामने लगाए गए स्टील रेलिंग चोरी की है। करीब चार-पांच महीने पहले स्कूल परिसर पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण करवाया गया है। कक्ष के सामने चोर ने स्कूल के अंदर हाल में बनाए गए नए अतिरिक्त कक्ष के सामने दिव्यांग के लिए रैम्प बनाए गए हैं। रैम्प के एक हिस्से पर स्टील की रेलिंग लगाई गई थी। उसे अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। दरअसल मुलमुला थाना क्षेत्र में कबाड़ व चोरी के समानों की खरीदी-बिक्री करने वाले लोग सक्रिय हैं। इसलिए आए दिन इस क्षेत्र में छोटी बड़ी चोरी की घटनाएं होती रहती है। स्कूल से रेलिंग चोरी हो जाने की शिकायत पुलिस से की है।

18 से 22 अप्रैल तक 5 मुहूर्त, इसके बाद जुलाई में होगी शादी

जांजगीर। आगामी 14 अप्रैल को खरमास के समापन के बाद विभिन्न मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे, लेकिन विवाह मुहूर्त 18 अप्रैल से शुरू होंगे। 22 अप्रैल तक 5 दिनों में शहर में शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधेंगे। पंडित के अनुसार अप्रैल से दिसंबर तक केवल 32 दिन ही विवाह की शहनाइयां बजेंगी। दरअसल, मई व जून में विवाह मुहूर्त नहीं होने की वजह विवाह बृहस्पति और शुक्र ग्रह का अस्त होना है। विवाह इन दोनों ग्रहों के उदित रहने पर ही किए जाते हैं। ज्योतिषी के अनुसार अप्रैल के बाद विवाह 3 जुलाई से शुरू होंगे। अंतिम विवाह मुहूर्त 15 जुलाई को रहेगा।

रामनवमी पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

चांपा । राम नवमी नगर में धूमधाम से मनाया जाएगी। इसे लेकर नगरवासियों की बैठक क्षत्रपति शिवजी खेल सभागृह (इंडोर हॉल) में हुई। बैठक में रामनवमी के अवसर पर शहर में भव्यशोभा यात्रा निकालने और रंगोली व दीपों से घरों को सजाने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि 17 अप्रैल को श्रीराम नवमी के अवसर पर शहर में पैदल भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के टैक्सी स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन के पास श्रीराम मंदिर से शाम 4 बजे प्रारंभ होगी। शोभायात्रा को भव्य बनाने शहर की महिला, पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। शोभायात्रा में डीजे और करमा की व्यवस्था की जाएगी। इस बार

भगवान अयोध्या में विराजे श्रीराम की जीवंत झांकी रहेगी, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा।

इसमें दस देवी देवता और श्रीराम दरबार का चित्रण किया जाएगा। शोभायात्रा के दौरान नगर को पूरी तरह भगवा ध्वज से सजाया जाएगा। शोभायात्रा में नगर भ्रमण रेलवे स्टेशन से निकलकर बरपाली चौक, लायंस चौक, थाना चौक, सुभाष चौक, सदर बाजार होते हुए कार्यक्रम स्थल परशुराम चौक दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर तक किया जाएगा। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में ही शोभायात्रा के समापन अवसर पर भगवान श्रीराम की महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान भगवान श्रीराम की आरती गंगा आरती की तर्ज पर होगी साथ ही आतिशबाजी होगी।

पत्रकार संघ का होली मिलन समारोह संपन्न

जांजगीर-चांपा। चांपा पत्रकार संघ के बैनर तले होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन शहर के हॉटल रीत में किया गया। कार्यक्रम में शहर सहित जिले के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर हल्दी चंदन और फूलों की प्राकृतिक होली जमकर खेली। विभागीय अधिकारी सहित सभी ने प्राकृतिक होली की सराहना करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे और सौहर्दपूर्ण वातावरण को प्रदर्शित करता है, लेकिन देश की संस्कृति में शामिल इस पर्व को दूषित करने का भी प्रयास किया जाता है, जो उचित नहीं है। उन्होंने पत्रकारों के एकजुटता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चौथा स्तंभ का फर्ज निभाने का भी आव्हान किया। सभी ने पत्रकारों के साथ संगीत के धुन में खूब दुमके भी लगाए।

कार्यक्रम की एएसपी राजेन्द्र जायसवाल, आरआई प्रदीप जोशी, पीआरओ जरीफ खान सहित टीम, जीतू परिहार, वरिष्ठ भाजपा नेता कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, सलीम मेमन, नगरपालिका के नेता प्रतिपक्ष पुरूषोत्तम शर्मा, पार्षद नागेन्द्र गुप्ता, दीपक दुबे, पार्षद संतोष जब्बल, विनोद तिवारी, शिक्षक दीपक यादव, ग्यारसी मोदी, रामू खूबचानी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पंकज शुक्ला, भाजयुमो नगर अध्यक्ष गिरीश मोदी, प्रकाश अग्रवाल, विशाल केडिया, हरदेव देवांगन, सिवनी सरपंच प्रतिनिधि चंद्रकुमार राठौर, चूड़ामणि राठौर, मनोज विरानी सहित सभी ने खूब सराहना की। कार्यक्रम में पत्रकारों ने मौजूद सभी अतिथियों का चंदन, हल्दी और फूलों से स्वागत किया। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि चांपा पत्रकार संघ ने प्राकृति होली मिलन उत्सव मनाकर आपसी भाईचारा, प्रेम और सहार्द का संदेश दिया है, जिसका सकारात्मक प्रभाव समाज में जरूर पड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने गीत संगीत की धुन पर दुमके भी लगाए। सभी ने कार्यक्रम के प्रति प्रसन्नता जाहिर की।

किमामी सेंवई महंगी होगी

जांजगीर। इंद पर मेहमानों का मुंह मीठा कराना सेवई के बगैर अधूरा है। बाजार में इसकी खरीदारी में अब तेजी आ गई है। बाजार में कई किस्म की सेवइयां हैं, लेकिन मेवों के बगैर इनकी लज्जत परवान नहीं चढ़ती। इस बार मेवों के दामों में उछाल से किमामी सेवई की मिठास और महंगी हो गई है। इस बार सेवई के दाम में कोई खास इजाफा नहीं हुआ है, लेकिन मेवों के दाम आसमान पर हैं। त्योहारी के लिए सबसे ज्यादा मांग जीरो नंबर वाली बारीक सेवई की होती है। किमामी सेवई इसी से बनती है। लिहाजा इसकी जरूरत हर घर को होती है। इसे देखते हुए जांजगीर, नैला, चांपा जैसे प्रमुख बाजारों में सेवई की दुकानें सजने लगी हैं। सेवई व्यापारी मो. रज्जाक बताते हैं कि सेवइयों में सबसे ज्यादा मांग जीरो नंबर वाली की होती है।

-:: आम सूचना ::-

मैं नरेश कुमार साहू पिता स्व. श्री मोहन लाल साहू पता मेन कटघोरा रोड बासट्टाल अयोध्यापुरी वार्ड न. 46 में स्वयं के व्यय व विद्युत कम्पनी के नियमानुसार 11 केवी विद्युत सप्लाई के खुले तार की जगह 11 केवी कवर केबल लगवाना चाहता हूँ।

अतः मेरे द्वारा कराये जाने वाले इस कार्य में किसी भी व्यक्ति या प्रशासन नगर निगम को कोई आपत्ति है तो कृपया 10 दिनों के भीतर दावा आपत्ति प्रस्तुत करे ।

नरेश कुमार साहू
अयोध्यापुरी, वार्ड नं.-46, कोरबा

07 वारंटी पकड़े पुलिस ने

जांजगीर। आचार संहिता लागू होने उपरांत जिला पुलिस जांजगीर चंपा द्वारा थाना/ चौकी में विशेष अभियान चलाकर जिले के कुल 253 फरार वारंटी को पकड़कर वारंट तामिली कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। नियत पेशी दिनांक पर उपस्थित नही होने से माननीय न्यायालय द्वारा जारी किया गया था गिरफ्तारी वारंट, सभी वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया जिसे संबधित न्यायालयों में पेश किया गया।

विवेक शुक्ला (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक जांजगीर के निर्देशन में तथा राजेंद्र कुमार जायसवाल अति. पुलिस अधीक्षक जांजगीर के उचित मार्ग दर्शन में लंबे समय से फरार गिरफ्तारी वांटियो की धरपकड़ हेतु जिला पुलिस जांजगीर द्वारा विशेष अभियान चलाया रहा है। अभियान के तहत आचार संहिता लागु होने उपरांत जिले के थाना चौकी क्षेत्र अंतर्गत में कुल 253 फरार वारंटी को पकड़ कर वारंट तामील कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है।

वारंट तामील अभियान के तहत चौकी नैला पुलिस द्वारा दिनाक 05.04.24 को एक ही दिवस में लंबे समय से फरार वारंटी 01. अभिषेक कुर्रे उम्र 19 वर्ष निवासी मरकाडीह चौकी नैला 02. विवेक कुर्रे उम्र 22 वर्ष निवासी मरकाडीह चौकी नैला 03. भूपेन्द्र साहू उम्र 35 वर्ष निवासी औराईखुर्द चौकी नैला 04. अमर सूर्यवंशी उर्फ गरम उम्र 19 वर्ष निवासी बेडा चौक नैला 05. बलवंत सूर्यवंशी उम्र 19 वर्ष निवासी मरकाडीह चौकी नैला 06.मयाराम सूर्यवंशी उम्र 47 वर्ष निवासी मरकाडीह चौकी नैला 07. ओम प्रकाश कश्यप उम्र 25 वर्ष निवासी नया तालाब पार नैला चौकी नैला को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर वारंट तामील कर न्यायालय जांजगीर में पेश किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक भागवत प्रसाद डहरिया चौकी प्रभारी नैला एवम आर. राजेश कश्यप, भूषण राठौर, संतोष कुमार प्रधान चौकी नैला का सराहनीय योगदान रहा।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने किया नेता प्रतिपक्ष महंत के निवास का घेराव

देवरी-चांपा। भाजयुमो सक्ति के कार्यकर्ताओं ने डॉ. महंत के सारागांव स्थित निवास का घेराव किया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की ओर से की गई टिप्पणी का विरोध करते हुए कार्यकर्ता यहां पहुंचे थे। भाजयुमो सक्ति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहले सारागांव के बाजार चौक पर एकत्रित हुए। यहां पर संगठन के नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इसके बाद भीड़ रैली के रूप में वहां से निकली। सरगांव चौक से रैली निकालते हुए भाजयुमो कार्यकर्ता नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत के निवास की ओर बढ़े। रास्ते में पुलिस बैरिकेडिंग की थी। यहां पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं और पुलिस बल के बीच झूमाझटकी भी हुई। बैरिकेडिंग को पार करते हुए भाजयुमो कार्यकर्ता नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के घर के पास पहुंचे। बता दें कि पुलिस बल की तैनात होने से भाजयुमो कार्यकर्ता निवास के गेट के सामने धरने पर बैठ गए। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

वेल्डिन व गैस कटिंग गतिविधियों की आउटसोर्सिंग हेतु निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना संख्या : 44-वार्किक-वेल्डिंग-बीजीएस, दिनांक : 02.04.2024

कार्य का नाम : खुली निविदा के आधार पर तीन साल की अवधि के लिए आरओएच सेंट, बीजीएस कार्य एवं बीजीएस डिपो, बिलासपुर के अंतर्गत कार्य क्षेत्र हेतु वेल्डिंग व गैस कटिंग गतिविधियों की आउटसोर्सिंग।

निविदा मूल्य : ₹ 02,92,40,060/- (लगभग दो करोड़ बियानवे लाख चालीस हजार साठ मात्र)। **अमानत राशि : ₹ 02,96,200/-** (लगभग दो लाख छियानवे हजार दो सौ मात्र)। **निविदा तिथि व समय :** दिनांक **24.04.2024** को **12:00** बजे खोले जाएंगे।

उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-निविदा के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (वेल्ड) बीएसएस10/05 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

निर्वाचन में नामांकन का कार्य महत्वपूर्ण, त्रुटिरहित करें कार्य - कलेक्टर

जांजगीर चांपा। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नाम निर्देशन के संबंध में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत नियुक्त जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा नाम निर्देशन कार्य हेतु नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कलेक्टर छिकारा ने कहा की निर्वाचन की प्रक्रिया में नामांकन एक महत्वपूर्ण चरणों में से एक है इसमें त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए, इसलिए प्रत्येक कार्य को सजगता से और त्रुटिरहित करें। बैठक में बताया गया कि नाम निर्देशन पत्र अवकाश दिवस को छोड़कर प्राप्त कर सकते है। इस दौरान मास्टर ट्रेनर ने नामांकन प्रक्रिया, दस्तावेज, चेक लिस्ट जैसे विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि नामांकन की प्रक्रिया का पूर्ण होने तक नामांकन की वीडियोग्राफी होना है और नामांकन की प्रक्रिया प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक चलेगी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक अवकाश की तिथि में नाम-निर्देशन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस दौरान अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी गोकुल राबटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

अवैध परिवहन एवं उत्खनन करते पाये जाने पर 8 वाहन जप्त

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में खनिज विभाग के सहायक डडनदस्ता दल प्रभारी पी डी जाडे एवं टीम द्वारा जिला जांजगीर चांपा के पामगढ, शिवरीनारायण, देवरघट्टा एवं बिर्रा क्षेत्र में खनिजों के अवैध परिवहन / भण्डारण / उत्खनन करने वाले वाहनो / स्थानो का औचक जाँच किया गया।

खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जाँच के दौरान जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज खनिज रेत के 06 %प्रकरण, मिट्टी (ईट) के 01 प्रकरण, तथा मुरूम के 01 प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 08 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जाँच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

कम मतदान वाले गांवों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने बनाई योजना

मालखरौदा। स्वीप कार्यक्रम के तहत 5 अप्रैल को जनपद पंचायत मालखरौदा में ग्राम पंचायत के सचिवों की बैठक जनपद सभाकक्ष में हुई। बैठक में कम मतदान वाले ग्रामों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कार्ययोजना बनाई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीके आदिले द्वारा मनरेगा अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों के मजदूरो को भी मतदान में भाग लेने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रेरित करने, 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने कहा। साथ ही आवश्यकतानुसार विभिन्न गांवों में लगातार रंगोली के माध्यम से तथा नुक्कड़ सभा आयोजित कर मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने कहा गया।

अनमोल वचन

उदय किसी का भी अचानक नहीं होता, सूर्य भी धीरे-धीरे निकलता है, और ऊपर उठता है।

राजनीति के मैदान में फिल्मी सितारे हारते ही आये हैं

जब भी चुनावों, खासकर लोकसभा चुनाव, की तारीखें घोषित होती हैं, अपनी चमक खो चुके बॉलीवुड के सितारे अचानक राजनीति के फलक पर जगमगाने लग जाते हैं। लेकिन इन फिल्मी सितारों का राजनीतिक रोल सीमित ही रहा है। भले ही उन्होंने चुनाव जीत लिया हो लेकिन राजनीति के मैदान में वो हारते ही आये हैं। 18 वीं लोकसभा के लिए होने जा रहे चुनावों में अरुण गोविल और कंगना रणावत के डेब्यू और गोविंदा की वापसी ने इस पुराने, लेकिन दिलचस्प विषय को फिर से चर्चा में ला दिया है। फिर से उन्हीं प्रश्नों को पुनर्जीवित कर दिया है, जो हर बार सितारों को चुनाव लड़ते देखकर उछले जाते हैं। मसलन, फिल्मी सितारे राजनीति में क्यों आते हैं, जबकि समाज सेवा तो वे राजनीति में आए बिना भी कर सकते हैं। उन्हें खुद पर इतना भरोसा क्यों होता है कि जनता उन्हें जिताएगी ही पार्टियाँ अपने वर्षों पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर सितारों को क्यों चुनाव मैदान में उतारती हैं ज्यादातर फिल्मी सितारे जीतने के बाद अपने मतदाताओं के लिए कुछ नहीं करते। क्या यह देश के कीमती संसाधनों और इनसे भी कीमती जनता के मतों की बर्बादी नहीं है चुनाव क्षेत्रों में लौटकर कभी न जाने के बावजूद पार्टियाँ उन्हें फिर से उसी क्षेत्र में चुनाव लड़ने भेजने की हिम्मत और हौसला कैसे जुटा पाती हैं ऐसे और भी कई प्रश्न हो सकते हैं, जिनके जवाब खोजना कोई मुश्किल नहीं है। लेकिन, इससे पहले हमें एक बात को स्वीकार करना होगा कि यह भी उन विषयों में से एक है, जिनका सामान्यीकरण नहीं किया जा सकता। अभी तक मतदाताओं द्वारा सितारों को चुनकर भेजने का जो रुझान रहा है, उसमें यही देखा गया है कि ज्यादातर वे सितारे चुनाव जीतते आए हैं, जो सत्तारूढ़ दल की ओर से चुनाव लड़े होते हैं। इनमें भी अधिकतर ऐसे सितारे होते हैं, जिनका राजनीति या समाजसेवा में अनुभव लगभग शून्य ही होता है। इनमें ऐसे बहुत कम होते हैं, जो समाज या लोगों के लिए कुछ करने की इच्छा के वशीभूत होकर राजनीति में आते हैं। ऐसे उदाहरण बहुत कम हैं जब ये सितारे प्रशंसकों से मतदाता बनने वाली अपने क्षेत्र की जनता को अपने कार्य से संतुष्ट कर पाए हों। अपनी छवि और सामाजिक कार्यों के बूते पर पाँच बार लोकसभा चुनाव जीतने वाले बालीवुड के स्टार सुनील दत्त जैसे कलाकार अपवाद ही होंगे, जिन्हें राजनीति बहुत रास आई। वर्ना अधिकतर सितारों ने सांसदी तो पाई लेकिन अपनी प्रतिष्ठा गंवा दी। इस वजह से कुछ दोबारा टिकट पाने में नाकाम रहे तो कुछ अपनी जीत को दोहराने में। अमिताभ बच्चन और धर्मेन्द्र जैसे कुछ कलाकार ऐसे भी थे, जिन्होंने राजनीति से मोहभंग होने की बात कहते हुए संन्यास ले लिया। वैसे भी वास्तविक जीवन में हीरो बनना सेट पर हीरो बनने जितना आसान नहीं होता। 2004 में कॉन्ग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर लोकसभा में सीट हासिल करने वाले गोविंदा न तो अपने मतदाताओं को नजर आते थे और न लोकसभा में। उन्होंने चार साल बाद सांसदी से इस्तीफा दे दिया। अपने लोकसभा क्षेत्र और लोकसभा में बहुत कम दिखाई देने वाले एक और कलाकार सनी देओल भी हैं, जो पंजाब के गुरदासपुर से सांसद हैं। उनकी राजनीति में असफलता के कारण ही इस बार भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया है। सन्नी देओल उसी सीट से सांसद थे जिससे दिवंगत विनोद खन्ना चार बार सांसद चुने गए थे। चुनाव क्षेत्र में न जाने के आरोप उन पर भी लगते थे, लेकिन उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनने और हल करने के लिए अपने लोगों की टीम बनाई हुई थी। यह टीम व्यवस्थित ढंग से अपना काम करते हुए उनकी जीत की संभावनाओं को बचाए रखती थी। राजनीति को रास आने वाले मौजूदा कलाकारों में शत्रुघ्न सिन्हा, हेमा मालिनी और स्मृति ईरानी का नाम भी प्रमुखता से लिया जा सकता है। लेकिन, देखा जाए तो फिल्मों से राजनीति में जाने वाला फिल्म जगत का कोई भी सितारा पॉलिटिकल स्टारडम की उन ऊंचाईयों को नहीं छू पाया है, जिन पर दक्षिण के सितारे दशकों तक विराजमान रहे। चाहे वह एनटीआर हों, जयललिता हों या एम. जी. रामचंदन। इन्होंने अभिनेता के तौर पर भी लोगों के दिलों पर राज किया और राजनेता के रूप में भी। शत्रुघ्न सिन्हा ने ऐसी आकांक्षा जरूर पाली थी, लेकिन बेल परवान नहीं चढ़ पाई। बार-बार संसद में पहुँचने में वे अवश्य सफल रहे हैं। कुछेक अपवादों को छोड़कर, सितारों का राजनीति या समाज में कोई बहुत खास योगदान नहीं रहा है। इसके बावजूद पार्टियां उन पर दांव लगाती हैं, तो यह अकारण नहीं होता। पहले कहा जाता था कि वे सितारों की लोकप्रियता को भुनाकर अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए उन्हें मैदान-ए-जंग में उतारती हैं। लेकिन, मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में यह एक आउटडेटेड विचार लगता है। जैसे भाजपा को इस समय चुनाव जीतने के लिए किसी सितारे को टिकट देने की कोई जरूरत नहीं लगती। इसी तरह कोई सितारा कॉन्ग्रेस की जीत की गारंटी नहीं बन सकता। फिल्मी सितारों का अधिकतर उपयोग होता है, चुनाव प्रचार में भीड़ इकट्ठा करने के लिए और जनता की भावनाओं को दोहन करने के लिए। और पार्टियाँ यही करती भी हैं।

राशिफल

मेष राशि : आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को कार्यरूप कामों में लगाकरेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जाएगा। आज घर पर घिरनी बीज की मरम्मत करनी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कामों से राहत मिलेगी। आर्थिक पक्ष सामान्य रहेगा। शाम का समय भाई बहनों के साथ हँसीमजाक में बितेगा।

वृष राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और वरिष्ठजन आपकी परवरिश से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज काम के दिनमा से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित सफल मिलेगा। आपके काम पर अंतिम परिणाम निर्भर करेगा। परिवार के साथ हो रहे विवादों को तुरंत सुलझाने की कोशिश करें। समयवय सही इस्तेमाल करोके काम पूरा करें। आज सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बरसे आपने माता-पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और वाह भी मनेंगे। आज दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा बिजनेस में थोड़ी बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप बहुत नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते हैं, लेकिन शुरू करने से पहले अपनी से बड़ों की सलाह जरूर लें लें। पारिवारिक मामले में आज आपका निर्णय सराहा सकित होगा।

कर्क राशि : आज का दिन आप जोश खोकर मत दोगे।आज इस बात का ख्याल रखकर चलें की दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बात सेयर करें जब उसके साथ में पूरी जानकारी कर लें और उसे भलीभाँति समझ लें। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता आपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगे। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे। नए विचारोंको को आज खुलने आने का मौका मिलेगा।

सिंह राशि : आज का दिन पारवारिकमें सकित होने वाला है। आज आपको घरों में घिरा गए छोटे-मोटे कामों से भी पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी हो सही लेकिन निरंतर बनी रहेगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा। ऑफिस के कामों को करते समय फोकस बनाये रखो। आपको जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे अपनी समझदारी से बखूबी निभाओगे।

कन्या राशि : आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आया है। आज कामों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातों और से बुर्जुर्ग, महिला में आपको शिष्यवयवमेंद रहेगी। बुजुर्गों को बढ़िया नौकरी के मिलने की सम्भावना बन रही है। व्यवसाय में लाखपति के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला राशि : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। कारीयर को बढ़ाने में किया गए प्रयासों के सकते लाभ होगा? आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अटकी छवि निखार कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की समस्याका में खुशी का माहौल बना रहेगा। साथ को जीवनसाथी के साथ अपना समय बीतेगा। कारो आज घिरनी जरूरी काम में अपनी माता की मदद मांगेंगे। जिससे उनके काम पूरे होंगे।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए व्यवसाय से भरा रहने वाला है। आज ऑफिस में सहकर्मी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को अपना लक्ष्य बनाकर से करने का प्रयास मिल सकता है। नई नौकरी पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी होगी।

मकर राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत पाय सामान खरीदेंगे। आज भक्त शिवालों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे और भक्त संगत से बरोंगे। आज प्रदेश को निर्माण करने की योजित करें। सपकार की नकारात्मक बातों को सुधारने की योजित करें। काम की जगह पर अपमान मिलेंगे। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आज आपका मानसम्मान बढ़ेगा।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपका थोड़े ध्यान काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज अपनी इच्छाशक्ति के बल पर योजनाओं पर काम कर पाएंगे। आत्मगर से वचन होगा। जो बातें आपको बेहतर बनाती हैं, केवल उन पर ध्यान दें और शुरू करे सुधारें।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने महिर्ट जा सकते हैं। एट्रेश राजाम की तैयारी कर रहे छात्रों एक सम्य अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को घिरनी मित्र की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां आपको अन्य दोस्त भी होंगे।

रिजर्व बैंक की 90 वर्षों की निरंतर मजबूती की गाथा

//तमाल बंद्योपाध्याय//

भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार 1 अप्रैल को 90वें वर्ष में प्रवेश कर लिया। दुनिया के दो अन्य बैंक 90 से 99 वर्ष के बीच हैं। वे बैंक ऑफ अर्जेन्टीना और बैंक ऑफ कनाडा हैं जो 1935 में स्थापित हुए। केंद्रीय बैंकों का इतिहास 17वीं सदी का है जब 1668 में स्वीडिश रिक्सबैंक की स्थापना हुई। इसे एक संयुक्त स्टॉक कंपनी के रूप में सरकारी फंड्स को ऋण देने तथा कारोबारों के लिए क्लियरिंग हाउस के रूप में काम करना था। इसे केंद्रीय बैंक की शुरुआत माना जाता है।

कुछ दशक बाद 1694 में बैंक ऑफ इंगलैंड की स्थापना हुई। यह भी संयुक्त स्टॉक कंपनी के रूप में बना जिसे सरकारी डेट खरीदना था। 1800 में नेपोलियन बोनापार्ट ने बैंक डी फ्रांस की स्थापना की ताकि फ्रांसीसी क्रांति के दौरान कागजी मुद्रा की अत्यधिक मुद्रास्फीति को स्थिर किया जाए। बैंक ऑफ फिनलैंड की स्थापना 1812 में हुई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व 1913 में स्थापित हुआ यानी स्विस नैशनल बैंक के सात वर्ष बाद। बैंक ऑफ जापान 1882 में स्थापित हुआ। आखिरकार 1998 में वर्तमान यूरोपीय केंद्रीय बैंक की स्थापना हुई ताकि यूरो की शुरुआत की जा सके।

समय के साथ केंद्रीय बैंकों की गतिविधियों में सुधार हुआ है। उदाहरण के लिए 1914 में पहला विश्व युद्ध शुरू होने से पहले केंद्रीय बैंकों ने घरेलू आर्थिक स्थिरता को बहुत महत्त्व नहीं देते थे। युद्ध ने रोजगार, गतिविधियों और मूल्य स्तर को लेकर चिंता उत्पन्न की। महामंदी के बाद एक बार फिर केंद्रीय बैंकिंग में बदलाव आया। फेड भी वित्त विभाग के अधीन हुआ और फिर 1951 में ही उसे स्वायत्तता मिल सकी। वापस रिजर्व बैंक पर लौटते हैं।

एक अप्रैल, 1935 को रिजर्व बैंक की स्थापना के बाद से वह 25 गवर्नरों के साथ काम कर चुका है। बेनेगल रामा राव 1 जुलाई, 1949 से 14 जनवरी, 1957 तक यानी साढ़े सात वर्षों तक इसके गवर्नर रहे जो अब तक किसी गवर्नर का सबसे लंबा कार्यकाल है। वहीं अमिताभ घोष महज 20 दिनों (15 जनवरी से 4 फरवरी, 1985 तक) तक गवर्नर रहे। रामा राव के इस्तीफे के बाद गवर्नर बने केजी अंबेगांवकर भी केवल छह सप्ताह तक पद पर रहे। बी एन आदरकर ने भी 4 मई, 1970 से 15 जून, 1970 तक लगभग इतनी ही अवधि तक गवर्नर पद संभाला।

1991 के आर्थिक सुधारों से अब तक आठ गवर्नर बने हैं जिनमें विमल जालान का 22 नवंबर, 1997 से 6 सितंबर, 2003 तक का कार्यकाल सबसे लंबा रहा जबकि एस वेंकटरमणन का कार्यकाल सबसे छोटा। वर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास दिसंबर में अपना दूसरा कार्यकाल पूरा होने के पहले ही कार्यकाल के मामले में जालान से आगे निकल जाएंगे। वह रामा राव के बाद दूसरे सबसे लंबे कार्यकाल वाले गवर्नर होंगे। वाईवी रेड्डी ने पांच साल और ऊर्जित पटेल ने तीन वर्ष आठ महीने तक यह पद संभाला।उदारीकरण के बाद के गवर्नरों की बात करें तो दास तमिलनाडु कैडर के 1980 के बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उनके लिए यह सबसे चुनौतीपूर्ण दायित्व रहा है। कोविड 19 महामारी ने 5 लाख करोड़ डॉलर का आकार पाने का सपना देख रही अर्थव्यवस्था को मंदी में धकेल दिया। दास ने ब्याज दरों को ऐतिहासिक रूप से कम किया। इस असाधारण संकट को कई गैर पारंपरिक उपायों की मदद से हल करने का प्रयास किया गया।वेंकटरमणन, जालान, डी सुब्बाराव और रघुराम राजन के सामने भी मुश्किल हालात आए। जालान तब गवर्नर बने जब पूर्वी एशियाई संकट चरम पर था और स्थानीय मुद्रा दिन ब दिन डूब रही थी। सुब्बाराव के कार्यकाल में ही अमेरिकी निवेश बैंक लीमन ब्रदर्स होल्डिंग इंक का पतन हुआ और वैश्विक वित्तीय संकट आया। राजन को अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा क्वांटिटेटिव ईजिंग रोकने के बाद ट्रेजरी प्रतिफल में आई तेजी, कमजोर रुपये, बढ़ते चालू खाते घाटे तथा उच्च मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ा।1991 का उदारीकरण वेंकटरमणन के कार्यकाल के बीच हुआ। 1991 के भुगतान संतुलन के साक्षी रहे लोग मानते हैं कि सबसे मुश्किल कार्यकाल दास का नहीं बल्कि वेंकटरमणन का रहा। मेरा मानना है कि दोनों संदर्भ इतने अलग हैं कि तुलना करना सही नहीं। दास को कोविड-19 संकट का सामना तब करना पड़ा जब पूरी दुनिया आपस में गुंथी हुई थी और भारतीय अर्थव्यवस्था नॉमिनल जीडीपी के अनुसार दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। अब रिजर्व बैंक का एक अंतरराष्ट्रीय कद है। पूरी दुनिया के सामने एक ही चुनौती थी और विभिन्न केंद्रीय बैंकों ने तालमेल के साथ नीतियां बनाईं।वेंकटरमणन का समय अलग था। भारत की अर्थव्यवस्था तब बहुत छोटी थी और उसे अकेले ही चुनौतियों से निपटना था। उस समय तो कुछ अमेरिकी विश्वविद्यालयों के फंड भी भारत के विदेशी मुद्रा भंडार से बड़े थे।रेड्डी का कार्यकाल सबसे बेहतर था क्योंकि भारत ने उच्च वृद्धि और कम मुद्रास्फीति का दौर देखा। अपने कार्यकाल में उन्होंने नीतिगत दर बढ़ाना जारी रखा लेकिन ऋण और आर्थिक वृद्धि प्रभावित नहीं हुई। कई लोग कहते हैं कि यह जालान की विरासत थी। रेड्डी ने नियामकीय मानकों को सख्त बनाया जो वैश्विक मानकों के कारण पहले से तंग थे। उन्होंने कई सुरक्षा उपाय किए जो 2008 के संकट के समय सुब्बाराव के लिए मददगार साबित हुए।यदि 1991 के बाद के रिजर्व बैंक पर नजर डालें तो शायद ऐसी तस्वीर सामने आएगी- रंगराजन और उनके डिप्टी एसएस तारापोर मुद्रावादी थे। दोनों ने सरकार के साथ रिश्तों को बदला। जालान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में सेवा दे चुके अर्थशास्त्री थे। वह जानते थे कि कैसे काम करना है। दास भी ऐसे ही हैं जबकि रेड्डी को सबसे दिमागदार गवर्नर माना जाता है।वित्तीय क्षेत्र विधायी सुधार आयोग चाहता था कि रिजर्व बैंक को कई दायित्वों से मुक्त किया जाए। राजन ने इसका सफलतापूर्वक विरोध किया। इस बीच केंद्रीय बैंक ने पूरी तरह मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित किया। दास के कार्यकाल में उसने वृद्धि और मुद्रास्फीति का सराहनीय संतुलन किया, वित्तीय क्षेत्र को स्थिर बनाए रखा और व्यवस्था को मजबूती दी।मौद्रिक नीति समिति की 2024-25 की पहली बैठक जो शीघ्र होगी उसका नतीजा क्या होगा?यथास्थिति बरकरार रहेगी यानी कोई कदम नहीं उठाया जाएगा। लगातार सातवीं बैठक में रीपो दर 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रहेगी। वित्त वर्ष 25 के लिए सात फीसदी के वृद्धि अनुमान में भी कोई बदलाव नहीं आएगा। चालू वर्ष का वृद्धि अनुमान बढ़ाकर 7.3 फीसदी किया जा सकता है।कोर मुद्रास्फीति में कमी एक बड़ी राहत है लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति चिंताजनक है। मॉनसून की भी इसमें भूमिका अहम होगी। हम आशावादी रह सकते हैं लेकिन हमें सतर्क भी रहना होगा। निकट भविष्य में दरों में कटौती की भी कोई संभावना नहीं।

भारत-ब्रिटेन व्यापार सौदे के संभावित परिणाम

//अजय श्रीवास्तव//

गत 12 मार्च को टेलीफोन पर बातचीत में भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री इस बात पर सहमत हुए कि वे साझा लाभ वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्दी अंजाम तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे। हम आशा कर सकते हैं कि चुनाव के बाद देश में नई सरकार बनते ही भारत-ब्रिटेन एफटीए पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। यूरोपीय संघ से बाहर निकलने के बाद ब्रिटेन के लिए एफटीए नई व्यापार साझेदारियां स्थापित करने की रणनीति का हिस्सा है। इस बीच भारत भी तेजी से नए एफटीए को अंजाम दे रहा है मानो वह अपनी संरक्षणवादी छवि में बदलाव कर रहा हो। यह बदलाव तब आया जब नवंबर 2019 में भारत अचानक 16 देशों वाली क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसेप) वार्ता से बाहर हो गया।

बीते चार वर्षों में भारत ने मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (एफटा) के देशों मसलन स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिक्टनस्टाइन के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्रिटेन के साथ एफटीए आरसेप से बाहर आने के बाद भारत का पांचवां एफटीए होगा। भारत के एफटीए साझेदारों ने तेज वार्ता की रणनीति पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है क्योंकि भारत के साथ एफटीए उन्हें एक बड़े उभरते बाजार तक पहुंच प्रदान करता है वह भी उच्च टैरिफ से बचकर।माना जा रहा है कि एफटीए से द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा। वित्त वर्ष 2023 में भारत और ब्रिटेन का आपसी व्यापार 57 अरब डॉलर से अधिक हो गया। भारत ने जितना खर्च किया उससे 13.34 अरब डॉलर अधिक की राशि अर्जित की। भारत ने 11.40 अरब डॉलर की वस्तुओं और 23.80 अरब डॉलर की सेवाओं का निर्यात ब्रिटेन को किया और उससे 8.96 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं और 12.90 अरब डॉलर मूल्य की सेवाओं की खरीद की।दोनों देशों ने नवंबर 2022 में एफटीए को लेकर बातचीत शुरू की। इस वार्ता में 26 विषय शामिल हैं जिसमें वस्तु एवं सेवा व्यापार, बौद्धिक संपदा, सरकारी खरीद, स्रोत के नियम, व्यापार और टिकाऊ विकास, श्रम, लिंग और डिजिटल व्यापार आदि हैं। बातचीत के प्रमुख विषयों में से कुछ के अनुमानित परिणाम इस प्रकार हैं। वाणिज्यिक उत्पाद व्यापार- भारत ब्रिटेन को जो निर्यात करता है उसका आधा से अधिक हिस्सा यानी करीब 6 अरब डॉलर मूल्य का निर्यात पेट्रोलियम, औषधि, हीरे, मशीनों के कलपुर्जे, विमान और लकड़ी के फर्नीचर आदि पहले ही बिना आयात शुल्क के ब्रिटेन जाते हैं। ऐसे में इन निर्यातों को शुल्क दरों में संभावित कमी का कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलेगा। बहरहाल करीब 5 अरब मूल्य का अन्य निर्यात जिसमें वस्त्र, कपड़ा, जूते-चप्पल, कालीन, कार, समुद्री भोजन, अंगूर और आम शामिल हैं, उन्हें लाभ होगा क्योंकि अभी उन पर शुल्क चुकाना होता है। इस प्रकार भारत को अधिक लाभ होगा क्योंकि भारत आने वाले उसके 91 फीसदी उत्पादों पर औसत से उच्च आयात शुल्क लगता है। ऐसे अधिकांश उत्पादों को भारत द्वारा शुल्क हटाए जाने का लाभ मिलेगा। भारत ब्रिटेन से आने वाली कारों पर आयात शुल्क को 100 फीसदी से कम करके 50 फीसदी कर सकता है तथा कुछ कारों को वह 25 फीसदी की न्यूनतम शुल्क दर पर भी आने दे सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों पर भारत पहले ही शुल्क दर कम कर चुका है और उसे 100 फीसदी से कम करके 15 फीसदी तक कर दिया गया है। इससे संकेत मिलता है कि भारत ब्रिटेन को बेहतर पेशकश कर सकता है। इसी प्रकार वाइन के मामले में भारत आयात शुल्क को अगले 10 वर्ष में 150 फीसदी से कम करके 25 फीसदी कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया और स्विस वाइन के मामले में ऐसा हो चुका है। यानी कुछ सालों में 90 फीसदी द्विपक्षीय व्यापार शुल्क मुक्त हो जाएगा और व्यापार बढ़ेगा।

सेवा- भारत अपनी सूचना प्रौद्योगिकी और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए अधिक बाजार पहुंच चाहता है। उसने ब्रिटेन से अनुरोध किया है कि वह भारतीय पेशेवरों को अल्पकालिक कामों के लिए प्राथमिकता पर वीजा प्रदान करे। बहरहाल, बड़ी तादाद में अल्पकालिक कामकाजी वीजा पाना मुश्किल हो सकता है क्योंकि ब्रेक्सिट के बाद ब्रिटेन में प्रवासियों को लेकर चिंता बढ़ी है। ब्रिटेन दूरसंचार, विधिक और वित्तीय सेवा क्षेत्र को विदेशी प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने की भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दे सकते हैं।ब्रिटेन के उत्पादकों को भारत सरकार के खरीद वाले क्षेत्रों को बिक्री की इजाजत देना उन्हें भारतीय कंपनियों के समकक्ष बना देगा। वहीं भारतीय कंपनियों को ब्रिटेन में सरकारी खरीद बाजार में तगड़ी प्रतिस्पर्धा और प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र में भारत को सावधानी बरतने की आवश्यकता है।गैर कारोबारी मुद्दों पर होने वाली बातचीत में कई जटिल क्षेत्र शामिल हैं जो भारत के घरेलू नीतिगत क्षेत्र और आर्थिक हितों को प्रभावित कर सकते हैं। उनमें से प्रमुख हैं-

1. भारत अपनी डिजिटल अर्थव्यवस्था और स्टार्टअप को बचाने के लिए डेटा को स्थानीय रूप से रखने का हिमायती है जबकि ब्रिटेन के अबाध डेटा प्रवाह चाहता है और डिजिटल कारोबार के लिए न्यूनतम बाधाएं।

2. एक विकसित देश के रूप में ब्रिटेन को एफटीए में पर्यावरण और श्रम के क्षेत्र में उच्च मानकों को शामिल करना होगा। भारत सख्त प्रावधानों को लेकर सतर्क है क्योंकि वे उस पर आर्थिक बोझ डाल सकते हैं या उसकी प्रतिस्पर्धी बढ़त पर असर डाल सकते हैं।

3. भारत इस बात से अवगत है कि एफटीए में अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं मसलन अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन समझौते, पेरिस समझौते आदि का पालन भी पुरानी गैर बाध्यकारी प्रतिबद्धताओं को प्रवर्तनीय दायित्वों में बदल सकता है। इससे नीति निर्माण का लचीलापन कम हो सकता है और ब्रिटेन द्वारा भारत के कपड़ों और अन्य श्रम आधारित निर्यात पर गैर टैरिफ अवरोध लगाने को उचित ठहराया जा सकता है।

4. भारत ट्रिप्स प्लस मानकों को अपनाने को लेकर भी सतर्क है और यह बात जेनरिक दवा उद्योग तथा दवाओं तक पहुंच को प्रभावित कर सकती है। ब्रिटेन की विशिष्टता को लेकर ऐसे प्रावधान चाहता है जो जेनरिक दवा बनाने वालों को एक खास समय के लिए मूल कंपनियों द्वारा प्रस्तुत चिकित्सकीय परीक्षण के डेटा पर भरोसा करने से रोकता है। भारत इस पर सहमत नहीं हो सकता है क्योंकि डेटा विशिष्टता जेनेरिक दवाओं की राह में देरी का सबब बन सकती है। इससे भारत और वे देश प्रभावित हो सकते हैं जो भारत की सस्ती जेनेरिक दवाओं पर निर्भर हैं।

5. एक और दिक्कत यह है कि भारत पहले ही टिकाऊपन, श्रम और बौद्धिक संपदा अधिकारों को लेकर ईएफटीए देशों के साथ एफटीए में कई प्रतिबद्धताएं जता चुका है। अब उसे और महत्त्वाकांक्षी प्रतिबद्धताओं को अपनाने का दबाव झेलना पड़ सकता है।

6. भारत और ब्रिटेन द्विपक्षीय निवेश समझौते पर भी बातचीत कर रहे हैं। ब्रिटेन बिना उसे अंतिम रूप दिए एफटीए पर हस्ताक्षर करने का अनिच्छुक है। दोनों देशों से रवैये में बहुत अंतर है लेकिन एफटीए को पूरा करने के लिए वे सहमत हो सकते हैं।

7. ब्रिटेन की कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) व्यवस्था जनवरी 2026 से लागू हो सकती है और इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। सीबीएएम के साथ ब्रिटेन के उत्पाद बिना शुल्क के भारत आ सकते है लेकिन ब्रिटेन जाने वाले भारतीय उत्पादों को 12-24 फीसदी तक का शुल्क देना पड़ सकता है। भारत को इसे स्पष्ट करना चाहिए। ब्रिटेन के साथ एफटीए भारत की 15वीं व्यापक व्यापार संधि होगी और अब वक्त आ गया है कि सरकार इस बात पर प्रकाश डाले कि एफटीए ने किस तरह निर्यात, आयात, निवेश और अन्य क्षेत्रों को प्रभावित किया है। ये जानकारियां कंपनियों को उल्लेखनीय जानकारी दे सकती हैं और मौजूदा व्यापार चर्चाओं को आकार देने में मददगार साबित हो सकती हैं।

हद में रहें ओटीटी प्लेटफार्म

आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। लगातार चेतावनियों के बावजूद अश्लील सामग्री दिखाने पर अठारह ओटीटी प्लेटफार्म्स को बैन कर दिया है। यह कदम सूचना व प्रसारण मंत्रालय द्वारा उठाया गया।इसके साथ ही उमीस वेबसाइट्स, दस एप व 57 सोशल मीडिया हैंडल्स को भी ब्लॉक किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, इन प्लेटफॉर्म्स को रचनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर अश्लीलता फैलाने के लिए चेतावनी दी गई थी, जिसे लेकर सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए अंततः देश भर में पाबंदी लगा दी। इस कार्रवाई के तहत फेसबुक पर 12, इंस्टाग्राम पर 17, एक्स पर 16 अकाउंट समेत यूट्यूब के 12 अकाउंट्स पर भी पाबंदी लगाई गई है। दुनिया भर की सरकारें अपने यहां समय-समय पर इंटरनेट पर सख्ती करती रहती हैं। चीन, उत्तर कोरिया, ईरान, तुर्किए जैसे देशों में फेसबुक, ट्वीटर तथा यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर पाबंदियां लगाने के लिए बुरी तरह बदनाम हैं। कुछ समय पहले भी भारत सरकार द्वारा 58 मोबाइल एप्स पर भी पाबंदी लगाई जा चुकी है। यह सच है कि स्क्रीन पर अश्लील कंटेंट की बहुतायत है।

तस्वीरों की दुनिया

बेंगलुरु के आरआर नगर में कांग्रेस उम्मीदवार डीके सुरेश के समर्थन में चुनाव प्रचार के दौरान डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार की पत्नी उषा शिवकुमार।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ में एक चुनावी रैली के दौरान।

लोकसभा की निर्दलीय सांसद सुमलता अंबरीश बेंगलुरु में कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता बी.एस.येदियुरप्पा की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुई।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हरिद्वार में माया देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

नई दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी का घोषणापत्र जारी करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा।

अभिनेता और भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल मेरठ में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करते हुए।

ठाकरे गुट की कांग्रेस को सख्त चेतावनी, सांगली में फ्रेंडली फाइट जैसी बातों से करें परहेज

सांगली, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

सांगली सीट को लेकर ठाकरे ग्रुप के सांसद संजय राउत ने कांग्रेस को तीखी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि किसी को भी दोस्ताना लड़ाई की भाषा नहीं बोलनी चाहिए। अगर कोई ऐसा करने जा रहा है तो इसे राजनीतिक अपरिपक्वता के तौर पर देखा जाएगा। अगर ऐसा हुआ तो राज्य की 48 सीटों पर ऐसे मुकाबले होंगे। शिव सेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने बयान देकर फ्रेंडली फाइट लड़ने वालों को परोक्ष चेतावनी देते हुए कहा कि गठबंधन के बीच या तो दोस्ती हो सकती है या लड़ाई। जैसा कि कांग्रेस नेता नाना पटोले कहते हैं, मैं सांगली की स्थिति देखने आया हूं। राउत ने यह भी स्पष्ट किया कि मुझे लगता है कि यहां पर शिवसेना उम्मीदवार का चुनाव लड़ना सही है। हम महाराष्ट्र की 48 में से 35 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। सांगली में कांग्रेस नेताओं का अलग रुख है, उनका कहना है कि गठबंधन या गठबंधन में एक सीट को लेकर विवाद है, मैं उनके रुख का सम्मान करता हूं। हालांकि, राउत ने कहा कि कोल्हापुर की बजाय सांगली से लड़ने पर चर्चा हुई। हर तरफ सांगली लोकसभा की चर्चा हो रही है। सांगली से शिवसेना के चंद्रहार पाटिल

दिल्ली जाएंगे। माविया सरकार को उखाड़ फेंकने से हर तरफ गुस्सा है। तो नतीजे आने के बाद पता चलेगा कि 400 पार का नारा कितना भ्रामक और गुमराह करने वाला है। राउत यानी ने यह भी साफ किया कि मोदी दोबारा प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे, बीजेपी दोबारा सत्ता में नहीं आएगी, यह लोगों के मन की बात है। चूंकि उद्धव ठाकरे की पार्टी सांगली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने पर अड़ी हुई है, ऐसे में कांग्रेस नेता असमंजस में हैं। सांगली को लेकर ठाकरे पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व को संदेश दिया गया कि संजय राउत ने अपनी भाषा बदल ली है. ऐसे में क्या कांग्रेस को दोस्ताना लड़ाई लड़नी चाहिए। राष्ट्रीय समिति ने इस संबंध में क्षेत्रीय नेताओं की भूमिका सीखी।

उन्हें क्षेत्र द्वारा हरी झंडी दे दी गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा था कि सांगली में जीत की पूरी संभावना है, हम वहां दोस्ताना लड़ाई के लिए तैयार हैं। एक बार फिर होगी उद्धव ठाकरे पर चर्चा. राष्ट्रीय नेताओं ने स्पष्ट किया कि इसके बाद कांग्रेस अपना निर्णय लेगी। इसलिए उम्मीद है कि कांग्रेस के विशाल पाटिल चुनाव मैदान में होंगे और उन्हें हाथ का निशान भी मिलेगा।

असम के निर्वाचन अधिकारी ने आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर भाजपा को नोटिस भेजा

असम, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को शुक्रवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि भाजपा ने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण करने के बहाने राज्य सरकार की योजना के लाभार्थियों का आंकड़ा एकत्र करके आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन किया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष को नोटिस जारी कर आठ अप्रैल को सुबह 10 बजे तक जवाब देने के लिए कहा गया है।

माकपा ने आरोप लगाया था कि सर्वेक्षण के नाम पर राज्य भर में भाजपा द्वारा जो फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं, उनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की तस्वीरें हैं, और लोगों को योजनाओं में शामिल करने का आश्वासन दिया गया है, जो सरकार का नीतिगत मामला है। इस नोटिस की एक प्रति 'पीटीआई-भाषा' के पास उपलब्ध है। इसमें कहा गया है कि प्रथम दृष्टया जांच में यह प्रतीत होता है कि भाजपा के स्टार प्रचारकों के प्रतीक और तस्वीरों वाले ये फॉर्म आदर्श आचार संहिता दिशानिर्देशों का उल्लंघन हैं।

कमलनाथ के करीबी एवं पूर्व कांग्रेस मंत्री दीपक सक्सेना भाजपा में शामिल

भोपाल, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं छिंदवाड़ा से चार बार के कांग्रेस विधायक दीपक सक्सेना और उनके समर्थक शुक्रवार रात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल नाथ के करीबी सहयोगी सक्सेना का सत्तारूढ़ दल में स्वागत किया। सक्सेना ने 22 मार्च को कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा कि वह भाजपा में शामिल हो रहे हैं क्योंकि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री यादव और भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख वी.डी. शर्मा के कार्यों से प्रभावित हैं।

इससे पहले उनके बेटे अजय सक्सेना भाजपा में शामिल हुए थे। अजय सक्सेना ने कहा, ''छिंदवाड़ा से मौजूदा सांसद कमल नाथ के बेटे नकुल नाथ के नेतृत्व में कांग्रेस लक्ष्यहीन हो गई है। पिछले छह वर्षों से छिंदवाड़ा में मेरे पिता और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की जा रही थी। इसीलिए मेरे पिता ने कांग्रेस से अलग होने का फैसला लिया।

मध्य प्रदेश की अदालत ने शस्त्र मामले में लालू यादव के खिलाफ 'स्थायी गिरफ्तारी वारंट' जारी किया

ग्वालियर, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

मध्य प्रदेश के ग्वालियर की एक विशेष अदालत ने 1995-97 में शस्त्र और गोला-बारूद की कथित अवैध खरीद से संबंधित एक मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के खिलाफ शुक्रवार को 'स्थायी गिरफ्तारी वारंट' जारी किया। विशेष लोक अभियोजक अभिषेक मेहरोत्रा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सांसद-विधायक संबंधी विशेष अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) महेंद्र सैनी ने लालू यादव के खिलाफ 'स्थायी वारंट' जारी किया। उन्होंने कहा, ''1995-97 का यह मामला फर्जी दस्तावेजों का उपयोग कर यहां एक अधिकृत डीलर से हथियार खरीदे जाने से संबंधित है।

इंदरगंज थाने में दर्ज इस मामले में 23 आरोपी थे और सभी के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया जा चुका है। इनमें से यादव को भगोड़ा घोषित किया गया है।'' अभियोजन पक्ष के अनुसार, 'स्थायी गिरफ्तारी वारंट' जारी किया गया है क्योंकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता की ओर से अदालत के समक्ष कोई भी पेश नहीं हुआ।

धमकी भरे कॉल आने पर एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा- देश में एक माहौल बन चुका है

हैदराबाद। दिवंगत मुख्तार अंसारी के परिवार से मुलाकात के बाद धमकी भरा कॉल आने पर एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि देश में एक माहौल बन चुका है। जिसके कारण इन लोगों की बकवास करने की हिम्मत बढ़ रही है। ये लोग जो खुलेआम इस तरह की धमकियां दे रहे हैं, हम तो सिर्फ चुनाव आयोग से उम्मीद करते हैं कि वो इसकी निगरानी करे। उन्होंने कहा कि मैं कभी भी किसी डरता नहीं लेकिन इससे ये पत्ता चलता है कि आने वाले समय में कोई भी सुरक्षित नहीं रहेगा। असदुद्दीन ओवैसी ने दावा किया था कि मुख्तार अंसारी के परिवार से मुलाकात के बाद धमकी भरे कॉल आए थे। उन्होंने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय नंबरों से फोन आए थे इसके साथ ही उनकी पार्टी की ओर ये भी कहा गया था कि उन्हें धमकी के पत्र भी मिले थे।

हरियाणा में चुनावी कार्यक्रम की अनुमति देने से इनकार, अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया : 'आप'

नईदिल्ली, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि संबंधित प्राधिकारियों से दो चुनावी कार्यक्रमों की अनुमति मांगने वाले उसके आवेदन को अस्वीकार कर दिया गया और जवाब में अभद्र का इस्तेमाल किया गया। इस मामले पर कड़ा संज्ञान लेते हुए हरियाणा के कैथल में उप-मंडलीय मजिस्ट्रेट-सह-सहायक निर्वाचन अधिकारी ब्रह्म प्रकाश ने पांच

कम्प्यूटर ऑपरेटर के निलंबन का आदेश दिया और पुलिस को मामले की विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया। कुरुक्षेत्र सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे 'आप' की हरियाणा इकाई के प्रमुख सुशील गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने सात अप्रैल को दो चुनावी कार्यक्रमों की अनुमति मांगी थी।

गुप्ता ने कहा, ''हमें जो जवाब मिला उसमें लिखा था कि अनुमति अस्वीकार कर दी गयी है। एक अन्य पत्र में अभद्र का इस्तेमाल किया गया।

प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता महंत के खिलाफ मामला दर्ज

नईदिल्ली, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

एक सार्वजनिक रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चरण दास महंत के खिलाफ शुक्रवार को एक प्राथमिकी दर्ज की गई।पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद यह मामला दर्ज किया गया है। शहर कोतवाली थाना के प्रभारी ऐमन साहू ने बताया कि निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने महंत के खिलाफ शिकायत दी थी जिसके बाद महंत के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने महंत के खिलाफ छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई और महंत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा जनता को प्रधानमंत्री के खिलाफ हिंसा के लिए उकसाने का आरोप लगाया। बाद में महंत ने एक वीडियो बयान में कहा था कि उनके बयान की गलत व्याख्या की गई और अगर इससे कोई आहत हुआ है तो वह अपनी टिप्पणी के लिए खेद व्यक्त करते हैं।

क्या शिंदे गुट में शामिल होंगी प्रिया दत्त, कांग्रेस से इस्तीफे की संभावना पर दिया बड़ा बयान

मुंबई 06 अप्रैल [एजेंसी]।

कांग्रेस नेता प्रिया दत्त ने पार्टी से अपने इस्तीफे की चर्चाओं को खारिज कर दिया और कहा कि उनका ऐसा करने का इरादा नहीं है, हालांकि, उन्होंने पिछली सीट ले ली है। यह उन खबरों के सामने आने के बाद आया है कि वह कांग्रेस छोड़ देंगी और लोकसभा चुनाव से पहले एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो जाएंगी। प्रिया दत्त दिवंगत अभिनेता और कांग्रेस नेता सुनील दत्त की बेटी और अभिनेता संजय दत्त की बहन हैं। दत्त ने कहा कि मैंने कांग्रेस से इस्तीफा नहीं दिया है, मैंने इस्तीफा नहीं दिया है, न ही मेरा इरादा है। लेकिन मैंने पिछली सीट ले ली है। मेरे 2024 का चुनाव लड़ने की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने बताया कि वह 2019 का लोकसभा चुनाव भी नहीं लड़ना चाहती थीं, हालांकि, उन्होंने इस बारे में पार्टी को बहुत देर से बताया था, जिसके कारण बाद में उन्होंने मैदान में बने रहने का फैसला किया। मेरे समर्थक जानते हैं कि मैं पिछले चार वर्षों से राजनीति से दूर हूं। यह जानबूझकर किया गया है क्योंकि मैं पिछला चुनाव नहीं लड़ना चाहती थी लेकिन मैंने पार्टी को बहुत देर से बताया। मुझे लगा कि यह सिर्फ पार्टी के लिए नहीं होगा एक नया उम्मीदवार चुनने के लिए, इसलिए मैंने चुनाव लड़ने का फैसला किया, उसके बाद मैंने सचेत निर्णय लिया कि मैं चुनाव नहीं लड़ूंगी।

लोकसभा का चुनाव लड़ने की कर रहे थे तैयारी, दिल का दौरा पड़ने से निधन

रांची। गिरिडीह लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री लालचंद महतो का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 72 साल के थे। वह झारखंड राज्य बनने के बाद बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में बनी सरकार में ऊर्जा मंत्री रहे थे।बताया गया कि रांची में लालपुर स्थित आवास पर गुरुवार देर रात बाथरूम में चक्कर आया और वे गिरकर बेहोश हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।वे मूल रूप से बोकारो जिले के बैदकारो गांव के रहने वाले थे। शुक्रवार दोपहर उनका शव झारखंड विधानसभा परिसर लाया गया, जहां विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो सहित कई लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।लालचंद महतो ने भारतीय जनसंघ से राजनीति की शुरुआत की थी। वह गिरिडीह की डुमरी विधानसभा सीट से तीन बार विधायक चुने गए थे।

एमएसपी की गारंटी को घोषणा पत्र में सम्मिलित करना देश की समृद्धि के लिए महत्वपूर्णः रामपाल जाट

जयपुर 06 अप्रैल। कांग्रेस पार्टी द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी के लिए कानून बनाने को चुनाव के घोषणा पत्र में सम्मिलित करने का देश के किसानों ने स्वागत किया है। क्योंकि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्ति की सुनिश्चितता से देश का किसान ऋण मांगने वाला नहीं बल्कि ऋण देने में सक्षम बन जाएगा।

इससे देश के ललाट पर किसानो की आत्महत्या का कलंक धुल जाएगा तथा समृद्धि आने से हमारा देश विश्व की अर्थव्यवस्था में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। किसान की समृद्धि और देश की समृद्धि समान अर्थ वाली है। देश का किसान ऋण माफी की कभी मांग नहीं करता बल्कि वह ऋण मुक्ति की और ही बढ़ना चाहता है क्योंकि किसान अन्नदाता है। दाता बने रहना उसका चरित्र है। खेत को पानी और फसल को दाम मिल जाने को उपरांत सरकार से प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता की आवश्यकता नहीं है। महिलाएं भी किसान परिवार की मुखिया है, उनके लिए प्रतिवर्ष भी 100000 रुपए की आवश्यकता नहीं रहेगी। जिससे वह धन देश के अन्य जन उपयोगी कामों में आ सकेगा। घोषणा पत्र में कांग्रेस शासित राज्यों में इस प्रकार के कानून बनाने की पहल की आवश्यकता है, जिसका घोषणा पत्र में उल्लेख नहीं है। इसकी घोषणा के साथ संपूर्ण देश सहित अन्य राज्यों में संघर्षरत रहने की घोषणा भी प्रासंगिक एवं समायोचित है।

इससे देश के मतदाताओं में विश्वास उत्पन्न होगा और उससे मतो के रुझान में बढ़ोतरी होगी। यदि इसी प्रकार की घोषणा विपक्ष का गठबंधन भी कर सके तो सोने में सुहागा जैसा होगा। कांग्रेस की पांच गारंटियों के अनुसार इस घोषणा पत्र में किसानों के अनुकूल आयात निर्यात नीति तथा ऋण मुक्ति की चर्चा होती तो देश की समृद्धि के लिए अधिक उपयोगी हो सकती है।

मुख्यमंत्री आवास के पास सरकारी गाड़ी ने तीन वर्षीय मासूम को कुचला

करनौल। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास के पास सड़क किनारे खड़ी एक तीन वर्षीय एक बच्ची को एक सरकारी गाड़ी ने कथित तौर पर कुचल दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) संजीव गांधी ने बताया कि प्रवासी श्रमिक की बेटी नैंसी शुक्रवार दोपहर को ओक ओवर में एक सड़क के किनारे सो रही थी इसी दौरान सरकारी वाहन ने उसे कुचल दिया। इस सड़क पर सामान्य यातायात वर्जित है। संजीव गांधी ने बताया कि चालक बच्ची को अस्पताल ले गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मूलरूप से झारखंड का रहने वाला नैंसी का परिवार ओक ओवर के आसपास हरियाणा सर्किट हाउस के निकट एक निर्माण स्थल पर काम कर रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

रायपुर में बिजली विभाग के गोदाम में आग, सैकड़ों ट्रांसफॉर्मर जलकर राख

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बिजली विभाग के गोदाम में आग लग गई। इस घटना में सैकड़ों की तादाद में ट्रांसफॉर्मर जलकर राख हो गए हैं। आग को बुझाने की कोशिश जारी है, हर तरफ अफरा-तफरी मची हुई है।जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के भारत माता चौक के करीब बिजली विभाग के सब डिविजनल कार्यालय का गोदाम है। यहां हजारों की तादाद में ट्रांसफॉर्मर रखे हैं।

वकीलों का लंबित मुकदमों, फैसलों पर टिप्पणी करना बहुत चिंताजनकः सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़

नईदिल्ली, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को यहां कहा कि न्यायपालिका के कंधे चौड़े हैं और वह प्रशंसा के साथ ही आलोचना भी स्वीकार कर सकती है लेकिन लंबित मुकदमों या फैसलों पर वकीलों की टिप्पणी बहुत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि बार के पदाधिकारियों और सदस्यों को न्यायिक निर्णयों पर प्रतिक्रिया देते वक्त यह नहीं भूलना चाहिए कि वे अदालत

के अधिकारी हैं, आम आदमी नहीं। सीजेआई नागपुर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि एक संस्था के रूप में बार न्यायिक स्वतंत्रता, संवैधानिक मूल्यों और अदालत की प्रतिष्ठा की रक्षा करने के लिए आवश्यक है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि उच्चतम नयायालय की संवैधानिक पीठ के फैसले कठिन कार्यवाही, व्यापक न्यायिक विश्लेषण और संवैधानिक सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम होते हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन एक बार जब फैसला सुना दिया जाता है तो यह सार्वजनिक संपत्ति है।

एक संस्था के तौर पर हमारे कंधे चौड़े हैं। हम प्रशंसा और आलोचना दोनों स्वीकार करने के लिए तैयार हैं...।'' उन्होंने कहा कि लेकिन बार एसोसिएशन के सदस्य और पदाधिकारी होने के नाते वकीलों को अदालत के निर्णयों पर प्रतिक्रिया देते समय आम आदमी की तरह टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

स्टालिन ने चुनाव को बताया लोकतंत्र की लड़ाई अखिलेश, केजरीवाल, उद्धव, राहुल सभी युवा साथ

तमिलनाडु, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

अपने पिता, दिवंगत द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम करुणानिधि की एक तस्वीर के साथ उनके चितरंजन सलाई आवास पर उनके कंधे को देखते हुए सीएम एमके स्टालिन आने वाले चुनाव में अपनी पार्टी के प्रदर्शन पर आश्वत नजर आते हैं। इस बारे में किसी भी संदेह को दूर करने के बाद कि क्या वह 2019 में डीएमके को लोकसभा चुनाव में जीत और 2021 में राज्य विधानसभा चुनाव में जीत दिलाकर करुणानिधि की जगह ले पाएंगे, 74 वर्षीय अब इंडिया ब्लॉक का चेहरा हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या अपने पिता की विरासत को पाने के लिए उनके लंबे इंतजार को देखते हुए उन्हें धैर्यवान व्यक्ति के रूप में वर्णित किया जा सकता है, स्टालिन कहते हैं कि मैं इसे मुस्कुराहट के साथ लेता हूं।

ऐसा महसूस होता है जैसे हम स्वतंत्रता के लिए दूसरे संघर्ष के बीच में हैं।

यह सब भारत के मूल तत्व की रक्षा के बारे में है। लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और हमारा बहुलवादी समाज, संघवाद के सिद्धांत का तो जिक्र ही नहीं। डीएमके, इंडिया ब्लॉक में अपने सहयोगियों के साथ, हम देश को उन लोगों से बचाने के लिए इस लोकतांत्रिक लड़ाई में हैं जिन्हें मैं स्पष्ट रूप से फासीवादी ताकतें कहूंगा। जब मैं द्रमुक की युवा शाखा का नेतृत्व कर रहा था, तो मैं अपने पार्टी सहयोगियों से कहता था। पूरा करो, या कोशिश करके मर जाओ। और मेरे मन में इस बात को लेकर कोई सवाल नहीं है कि हमने जो ठान लिया है उसे हम पूरा कर पाएंगे। यह चुनाव हमारे लिए सिर्फ एक महत्वपूर्ण मोड़ नहीं है; यह भारतीय लोकतंत्र के लिए करो या मरो की लड़ाई है। लेकिन, हमारे पास एक मजबूत टीम है। अखिलेश यादव, (अरविंद) केजरीवाल, उद्धव ठाकरे जैसे नेता, वे सभी इसमें हमारे साथ हैं। हम इस समय की गंभीरता को पहचानते हुए इस लड़ाई में एकजुट हैं।

बिहार में महागठबंधन में शामिल हुई वीआईपी, तीन सीट पर उतारेगी प्रत्याशी

पटना। बिहार में विपक्षी दलों के महागठबंधन में विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) शामिल हो गई है। वीआईपी महागठबंधन में शामिल राजद कोटे में आई तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी।राजद प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि वीआईपी भी अब महागठबंधन में शामिल है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में पहले ही सीट का बंटवारा हो चुका था। इसके बावजूद राजद वीआईपी को सम्मान देने का काम करेगी। महागठबंधन में राजद को मिले 26 सीटों में से तीन सीट गोपालगंज, झंझारपुर और मोतिहारी से वीआईपी अपना उम्मीदवार उतारेगी।

कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने दिल्ली की तीन लोस सीटों पर प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा की

नईदिल्ली, 06 अप्रैल [एजेंसी]।

कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने शुक्रवार को यहां बैठक की जिसमें दिल्ली की तीन संसदीय सीटों पर उम्मीदवारों के नामों को लेकर चर्चा की गई। सूत्रों ने बताया कि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में पश्चिम बंगाल और हरियाणा राज्यों को लेकर भी चर्चा की गयी और उसके अधिकांश वरिष्ठ नेता इसमें मौजूद रहे।

बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की। इसमें पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी, महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल, वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और पीएल पूनिया समेत अन्य नेता उपस्थित रहे।

गर्मी में पक्षियों को जल पिलाने और दाना खिलाने से नष्ट होते हैं सात प्रकार के दोष

गर्मी का मौसम दस्तक दे चुका है। सामान्य तौर पर इतना गर्म मौसम किसी को नहीं भाता लेकिन सृष्टि का चक्र तो चलता रहता है। मौसम बदलना एक आवश्यक क्रम है, जिससे बच पाना लगभग असंभव सा है। इस चिलचिलाती धूप में बार-बार प्यास लगना स्वाभाविक है। हम मनुष्य है, अगर गर्मी लगे तो भी बता सकते हैं और प्यास लगे तो भी। लेकिन ऐसे मौसम में उन बेचारे बेजुबान पक्षियों के लिए यह मौसम बहुत भारी पड़ जाता है। कई पक्षी तो केवल गर्मी और प्यास के चलते अपना दम तोड़ देते हैं। गर्मी के मौसम में घर के बाहर, छत पर या बालकनी में पक्षियों के लिए दाना, पानी जरूर रखना चाहिए, ताकि उन बेजुबान पक्षियों को भी दाना, पानी मिल सके। क्या आप जानते हैं ज्योतिष के अनुसार भी पक्षियों को दाना खिलाना और पानी पिलाने के बहुत से फायदे हैं।

कुंडली के सात दोष

ज्योतिष शास्त्रों का कहना है कि पक्षियों को दाना,पानी खिलाने से आपकी कुंडली के सात प्रकार के दोष समाप्त होते हैं। साथ ही साथ वास्तुशास्त्र के अनुसार भी यह एक ऐसा उपाय है जो आपके जीवन की बहुत सारे कष्टों को समाप्त कर सकता है।

अच्छे स्वास्थ्य की प्राप्ति

पक्षियों को दाना,पानी खीलाने का सबसे पहला और बड़ा फायदा यह है कि आपको और आपके परिवार को अच्छे स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है।

खुशहाली

जब आप पक्षियों को दाना रखते है और पानी पिलाते हैं तो ब्रह्मांड को यह संदेश पहुंचाता है कि आप दूसरों को कुछ देने के लिए समृद्ध और तैयार हैं। यह आपके घर की खुशहाली में वृद्धि करता है।

संतान की प्राप्ति

जो लोग नियमित तौर पर पक्षियों को पानी पिलाते हैं उन्हें जल्द ही संतान की प्राप्ति होती है। इसलिए निसंतान दंपतियों को पक्षियों के लिए दाना,पानी रखने की सलाह दी जाती है।

नया घर

अगर आप नियमानुसार पक्षियों के लिए पानी का टोकरा रखते हैं तो आपको नए घर की प्राप्ति भी होती है। या फिर अगर नया घर खरीद लेने के बाद भी अगर आप उसमें जा नहीं पा रहे हैं तो आपकी यह मुश्किल भी हल हो सकती है।

कानूनी विवाद

अगर आप किसी कानूनी पचड़े में फंसे हैं तो आपको मिट्टी के पात्र में पक्षियों को पानी पिलाने दाना खिलाने की सलाह दी जाती है। ऐसा करने से आपको इन सभी विवादों से मुक्ति मिल सकती है।

माता-पिता से मिलाप

ऐसे जातक जिनकी अपने माता-पिता के साथ थोड़ी अनबन चल रही है, उन्हें भी पक्षियों के लिए दाना,पानी रखना चाहिए। ऐसा करने से आप दोनों के बीच की समस्या हल हो सकती है।

डिसक्लेमर

इस लेख में दी गई जानकारी/ सामग्री/ गणना की प्रामाणिकता या विश्वसनीयता की गारंटी नहीं है। सूचना के विभिन्न माध्यमों/ ज्योतिषियों/ पंचांग/ प्रवचनों/ धार्मिक मान्यताओं/ धर्मग्रंथों से संकलित करके यह सूचना आप तक प्रेषित की गई हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ सूचना पहुंचाना है, पाठक या उपयोगकर्ता इसे सिर्फ सूचना समझकर ही लें।

कृतिका भारद्वाज ने योद्धा में अपनी भूमिका के लिए एरोप्लेन सिमुलेशन गेम का लिया सहारा

हाल ही में रिलीज हुई सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत फिल्म योद्धा में प्रशिक्षु पायलट तान्या शर्मा की भूमिका में नजर आने वाली एक्ट्रेस कृतिका भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने अपने किरदार को अच्छे से निभाने के लिए एरोप्लेन सिमुलेशन गेम का सहारा लिया।

एक्ट्रेस हिट स्ट्रीमिंग शो मिसमैच्ड का हिस्सा रही हैं, और मिसमैच्ड 2 के शूटिंग शेड्यूल के अंत में उन्हें योद्धा में भूमिका मिली। एक्ट्रेस ने कहा कि मिसमैच्ड 2 में सिमरन का किरदार निभाकर महत्वाकांक्षी पायलट तान्या का किरदार निभाना वाकई दिलचस्प था।

एक्ट्रेस ने कहा, मैंने उन सभी तकनीकी शब्दों को गहराई से सीखने के लिए एरोप्लेन सिमुलेशन गेम का सहारा लिया। योद्धा के अंत में कॉकपिट दृश्यों की चरणबद्ध तरीके से शूटिंग स्वाभाविक रूप से कहानी के साथ प्रवाहित होती है। योद्धा में मेरा पहला दृश्य जहां मैं सिद्धार्थ के किरदार से टकराती हूं, ऐसा लगा कि यह वास्तविक जीवन में मुठभेड़ जैसा है। इसने हर चीज को वास्तविक और सहज बना दिया।

उन्हें फिल्म में यह भूमिका कैसे मिली, इस पर एक्ट्रेस ने कहा, जून 2021 में मैंने एक प्रोजेक्ट के लिए ऑडिशन दिया, बिना यह जाने कि यह योद्धा के लिए है। अक्टूबर में मिसमैच्ड सीजन 2 की शूटिंग के दौरान मुझे पंचमी की टीम से फोन आया और मुझे लुक टेस्ट के लिए निर्देशकों के साथ बैठक के लिए आमंत्रित किया गया। इसके बाद इस भूमिका के लिए मेरी पुष्टि हो गई। मैंने 24 नवंबर को मिसमैच्ड सीजन 2 की शूटिंग पूरी की और 27 नवंबर तक मैं योद्धा के सेट पर थी।

सिद्धार्थ के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा , सिद्धार्थ के साथ काम करना एक सुखद अनुभव था, वह अविश्वसनीय रूप से गर्मजोशी से भरा था। मेरे सभी सीन उनके साथ थे, इससे यह अनुभव और भी बेहतर हो गया। इंडस्ट्री में नया होने के बावजूद मुझे उनके आसपास कभी भी नौसिखिया जैसा महसूस नहीं हुआ। एक्ट्रेस ने कहा, एक्शन सीक्वेंस निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण थे लेकिन वे उत्साहवर्धक और अनुभव देने वाले थे। मुझे याद है कि सिड ने कहा था कि उन्होंने अपनी यात्रा 26 साल की उम्र में शुरू की थी, जो संयोग से वही उम्र है जो मेरी योद्धा की शूटिंग के दौरान थी। ऐसा लगा जैसे हमने अपने करियर में एक जैसी यात्रा साझा की है।

बेबी जॉन की शूटिंग को 70 दिन पूरे

आने वाले दिनों में वरुण धवन को एक्शन थ्रिलर बेबी जॉन में देखा जाएगा। इसी कड़ी में अभिनेता अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर शूटिंग अपडेट साझा करते रहते हैं। हाल ही में जारी हुए फिल्म के टीजर ने फैंस का उत्साह बढ़ाया हुआ है। अब अभिनेता की लेटेस्ट पोस्ट ताबड़तोड़ सुर्खियां बटोर रही है। वरुण धवन की एक्शन एंटरटेनर बेबी जॉन इस साल बॉलीवुड की सबसे बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्मों में से एक है। फिल्म फिलहाल फ्लोर पर है और वीडी ने 70 दिन की शूटिंग पूरी कर ली है। अभिनेता ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर साझा किया कि वह और टीम शूटिंग के लिए कितनी मेहनत कर रहे हैं। बेबी जॉन में वरुण धवन फुल एक्शन अवतार में नजर आएंगे। वरुण ने इंस्टाग्राम पर अपने लुक की झलक फैंस के साथ साझा करते हुए कहा कि यह उनके करियर की सबसे कठिन शूटिंग में से एक है। अभिनेता ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, जब तक सूरज नहीं निकला तब तक लगातार फिल्मांकन होता रहा और फिर हमारी यूनिट भी चलती रही। सबसे कठिन शूटों में से एक जो मैंने ग्राइंड पर किया था। इसके साथ ही वरुण ने हैशटैग बेबी जॉन 70 का भी इस्तेमाल किया है। वरुण धवन की पोस्ट सामने आते ही सुर्खियों में छा गई, और इस पर अभिनेता के फैंस टिप्पणी कर अपना प्यार जाहिर करने लगे। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, सर आप बहुत मेहनती हैं। दूसरे ने लिखा, ऑल द बेस्ट बेबी जॉन..गो स्ले इट। वहीं एक अन्य लिखते हैं, बेबी जॉन नाम सुन के बच्चा समझे है क्या...फायर है अपुन। बेबी जॉन मुराद खेतानी और एटली का संयुक्त प्रयास है। इस फिल्म में वरुण धवन मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही इसमें वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश भी दमदार किरदार में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म बॉलीवुड में कीर्ति सुरेश के डेब्यू को चिन्हित करेगी।

मुहांसों को दूर भगाने के लिए चेहरे पर लगाएं ये 5 कोरियाई फेस मास्क, दिखेंगी खूबसूरत

कोरियाई त्वचा की देखभाल के नुस्खे दुनिया भर में मशहूर हैं, जिनके परिणाम भी शानदार होते हैं। दक्षिण कोरिया की त्वचा देखभाल काफी सरल और असरदार होती है।इन नुस्खों के जरिए त्वचा में होने वाली कील-मुंहासों जैसी परेशानियों को ठीक किया जा सकता है। कोरियाई स्किन केयर में इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्रियां आपको अपनी रसोई में ही मिल जाएंगी।इन सामग्रियों से के-ब्यूटी से प्रेरित फेस मास्क बनाकर लगाएं।

चावल का पानी और टी-ट्री आयल

चावल का पानी मुंहासों को कम करने में मदद करता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को चमकदार बनाने और दाग-धब्बों को कम करने के लिए जाने जाते हैं।इसे टी-ट्री आयल के साथ मिलाने से त्वचा चमकदार बन सकती है, क्योंकि यह एक सूजन-रोधी घटक है। यह मास्क त्वचा के प्राकृतिक तेल को छीने बिना मुहांसों को रोकना है।चावल के पानी में टी-ट्री आयल की कुछ बूंदें मिलाएं और इसे चेहरे पर 15-20 मिनट तक लगाकर सूखने दें।

हाईल्यूरॉनिक एसिड और ग्लिसरीन

के-ब्यूटी में हाइड्रेशन भी बेहद जरूरी होता है। तैलीय और संवेदनशील त्वचा के लिए नमी बनाए रखना आवश्यक होता है।कोरियाई मास्क में अक्सर हयालूरोनिक एसिड और

ग्लिसरीन शामिल होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेटेड रखते हैं। यह त्वचा से अत्यधिक पानी को खींच लेते हैं ताकि चेहरा चिपचिपा न दिखे।त्वचा को जरूरत से ज्यादा सूखाने से अधिक तेल उत्पादन हो सकता है, जिससे मुंहासे बढ़ जाते हैं।अपने त्वचा देखभाल रूटीन में शामिल करें ये 5 सामग्रियां।

खेल म्यूसीन -खेल म्यूसीन ग्लाइकोप्रोटीन, हाइलूरोनिक एसिड और ग्लाइकोलिक एसिड से भरपूर होता है। यह उत्पाद आकर्षक नहीं लगता, लेकिन बेहद असरदार होता है।यह जलयोजन को बढ़ावा देता है और त्वचा को एक्सफोलिएट भी करता है। इसे फेस मास्क की तरह लगाने से मुंहासे और उनके दाग कम हो सकते हैं।इसे बनाने के लिए एक बर्तन में 2 कप कॉर्नस्टार्च डालें और 1 कप पानी डालकर मिलाएं। इसे 15 मिनट तक लगाकर रखें और ठंडे पानी से धो लें।

काओलिन या बेंटोनाइट क्ले

मुंहासों को मिटाने के लिए के-ब्यूटी मास्क में काओलिन या बेंटोनाइट क्ले भी इस्तेमाल किए जाते हैं। ये प्राकृतिक मिट्टियां रोमछिद्रों से अतिरिक्त सीबम और अशुद्धियों को साफ करती है, जिससे चेहरे की रंगत सुधरती है।ये त्वचा को धीरे से एक्सफोलिएट करने में भी मदद करती हैं, जिससे मृत त्वचा कोशिकाएं रोमछिद्रों को बंद नहीं कर पाती। असरदार और अच्छे नतीजों के लिए इन मिट्टियों के मास्क को हफ्ते में एक बार जरूर लगाएं।

ओट्स और शहद

त्वचा को आराम देने के लिए ओट्स और शहद का मास्क लगाना चाहिए। ओट्स के सूजन-रोधी गुण रूखी त्वचा को आराम देते हैं, जबकि शहद के प्राकृतिक हाइड्रेटिंग लाभों से मुलायम त्वचा मिलती है।इस मास्क को बनाने के लिए 2 चम्मच पिसा हुआ ओट्स और 1 चम्मच शहद मिलाएं। पेस्ट बनाने के लिए इसमें थोड़ा गर्म पानी डालें।इसे चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर धो लें। यह आपकी त्वचा को मॉइस्चराइज करता है।

रिवीलिंग टॉप पहन नुसरत भरूचा ने शेयर किया बोल्ड लुक

अपनी फिल्मों से ज्यादा लुक्स को लेकर चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस नुसरत भरूचा आए दिन अपने हॉट लुक्स फैंस के बीच शेयर कर अक्सर लोगों के बीच लाइमलाइट लूट लेती हैं। उनका हर अंदाज इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट करवाया है, जिसमें वो काफी स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस नुसरत भरूचा बॉलीवुड इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर शेयर होते ही तबाही मचाने लगता है।

हाल ही में एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

नुसरत भरूचा अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में काफी स्टाइलिश और बोल्ड नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके हर एक लुक पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए प्यार लुटा रहे हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस हर बार अपने स्टाइलिश अंदाज से फैंस को बेताब किए रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही वायरल भी होने लगता है।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने व्हाइट कलर का डीपनेक टॉप और साथ ही डेनिम जींस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस लग रही हैं।

न्यूड मेकअप, खुले बाल और लाइट आई मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा खूबसूरती से निखारा है।

एक्ट्रेस नुसरत भरूचा सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।

नानी 33: नानी ने श्रीकांत ओडेला के साथ फिर मिलाया हाथ

दशहरा तिकड़ी, निर्देशक श्रीकांत ओडेला, अभिनेता नानी और निर्माता सुधाकर चेरुकुरी, एक नई फिल्म के लिए फिर से साथ आए हैं।

पिछले साल उनकी फिल्म की रिलीज के ठीक एक साल बाद, नानी ने शनिवार को एक्स पर नई फिल्म की घोषणा की।

एलान मात्र से ही फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। एक्स पर घोषणा करते हुए, नानी ने आगामी फिल्म को पागलपन कहा, और श्रीकांत के साथ फिर से काम करने के लिए स्पष्ट रूप से अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने लिखा, दशहरा आज एक साल का हो गया। इस अवसर पर नानी 33।

बिना धोए एवोकाडो खाना होता है नुकसानदायक

पिछले कुछ वर्षों में एवोकाडो कई लोगों के नाश्ते का मुख्य हिस्सा बन गया है।इसका कारण है कि यह मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिड, फाइबर, पोटैशियम, मैग्नीशियम और विटामिन-श्च जैसे कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है।हालांकि, ये फायदे तभी मिल सकते हैं, जब इस सुपरफूड को धोने और स्टोर करने का तरीका सही हो।आइए जानते हैं कि एवोकाडो को खाने से पहले धोना क्यों जरूरी है और इसे कैसे स्टोर किया जा सकता है।

एवोकाडो को खाने से पहले धोना क्यों महत्वपूर्ण है

विशेषज्ञों के मुताबिक, एवोकाडो के छिलके पर साल्मोनेला और लिस्टेरिया जैसे हानिकारक बैक्टीरिया होते हैं।ऐसे में इसे ठीक से न धोया जाए तो छिलके से बैक्टीरिया चाकू पर, फिर उससे फल के जरिए हमारे शरीर में जा सकते हैं, जो मतली, उल्टी, दस्त और बुखार जैसी खाद्य जनित बीमारियों का कारण बन सकते हैं।इन बैक्टीरिया से गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में गंभीर जटिलताओं का खतरा अधिक होता है।

एवोकाडो को धोने का सही तरीका

एवोकाडो को धोने का सबसे साधारण और प्रभावी तरीका इसे ठंडे पानी से धोना है।लाभ के लिए एवोकाडो को बिना काटे ठंडे बहते पानी से धोएं और साबुन या कठोर डिटर्जेंट का इस्तेमाल करने से बचें।आप चाहें तो अतिरिक्त सुरक्षा के लिए एवोकाडो पर सब्जी वाला ब्रश फेरें।एवोकाडो को धोने के बाद इसे पेपर टॉवल से थपथपाकर सुखा लें। यह तरीका बैक्टीरिया को फैलने से रोकने में काफी मदद कर सकता है।

एवोकाडो के सेवन से मिलने वाले फायदे

एवोकाडो में बढ़े हुए कोलेस्ट्रोल और ब्लड प्रेशर को कम करने का गुण मौजूद होता है, जो हृदय रोगों के जोखिमों को कम करने में कारगर है।इसके अतिरिक्त एवोकाडो में कई तरह के विटामिन्स और मिनरल्स समेत फाइबर की उच्च मात्रा मौजूद होती है, जो पाचन क्रिया को सुधारने में अहम भूमिका निभा सकती है।इसके साथ ही इसमें मौजूद मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड वसा को बढ़ने से रोकने में मदद कर सकता है।

एवोकाडो को स्टोर करने के तरीके

एवोकाडो को कभी भी फ्रिज में स्टोर नहीं करना चाहिए।इसका कारण है कि फ्रिज में रखने से इसके पकने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है, जिससे ये इस्तेमाल करने योग्य नहीं रह जाते हैं।इसके अलावा ठंडे तापमान से एवोकाडो की बनावट भी बिगड़ जाती है, जिससे ये जल्दी सड़ सकते हैं।विशेषज्ञों का कहना है कि एवोकाडो को हमेशा कमरे के तापमान पर संग्रहित करना चाहिए।यहां जानिए अन्य फलों को स्टोर करने के तरीके।

अजय देवगन की मैदान को मिला यू/ए सर्टिफिकेट, 10 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म

शैतान की अपार सफलता के अब अजय देवगन फिल्म मैदान में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान अमित शर्मा ने संभाली है।ताजा खबर है कि सेंसर बोर्ड ने मैदान को यू/ए सर्टिफिकेट देकर हरी झंडी दिखाई है।इसका मतलब इस फिल्म को हर उम्र के लोग देख सकते हैं और 12 साल से कम उम्र के बच्चों को किसी व्यस्क के साथ यह फिल्म देखनी होगी। यह फिल्म 3 घंटे, 1 मिनट और 30 सेकेंड लंबी होगी। मैदान की एडवांस बुकिंग विदेशों में शुरू हो चुकी है। इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म का निर्देशन अमित शर्मा ने किया है। बोनी कपूर इस फिल्म के निर्माता हैं।प्रियामणि भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।मैदान ईद के खास मौके पर यानी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों का रुख करने वाली है और टिकट खिड़की पर इस फिल्म का मुकाबला अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां से हो रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मैदान के निर्माताओं को फिल्म में एक डिस्क्लेमर जोड़ने के लिए कहा गया है, जिसमें लिखा है कि यह फिल्म सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध सच्ची घटनाओं, महान फुटबॉल खिलाड़ियों के विचारों और काल्पनिक तत्वों वाले लेखकों के शोध से प्रेरित एक काल्पनिक कृति है।

शब्द सामर्थ्य -018

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविदान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चाँद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. चुड़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पार्श्वा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंडल।

1		■	2	3	■	4	5	6
	■	7			■	■	8	
9			■	10		11	■	
■	■	12			■	13	14	
15	16		■	■	■	17		■
18		■	19	20			■	21
■	22	23			■	■	■	
■	■		■		24	■	25	
26			■	27				

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 017 का हल

वि	ज	य	■	ब	नि	या	■	दे
वा	■	ती	त	र	■	रा	जी	व
ह	मा	म	■	स	प	ना	■	ता
■	न	■	■	■	टा	■	■	■
दा	ब	त	■	वि	ना	श	■	अ
य	■	ह	त्या	■	■	ह	जां	ना
रा	ह	त	■	न	ज	र	■	ब
■	वा	■	■	■	मी	■	ना	श्य
दु	ला	रा	■	जा	न	की	■	क

कांग्रेस की निष्क्रिय और भ्रष्टाचारी नीतियों से लोकसभा क्षेत्र का विकास रहा अवरुद्ध: पांडेय

आलू से सोना बनाने वाले की संगत में महंत परिवार हुआ मानसिक दीवालिए पन का शिकार, ज्योत्सना महंत बनी रही कठपुतली

कोरिया बैकुंठपुर। 4 अप्रैल को कोरिया जिले के बैकुंठपुर स्थित प्रेमाबाग में लोकसभा चुनाव के लिहाज से भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ।जिसमे उपस्थित हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं को सभा के माध्यम से संबोधित किया गया। सर्वप्रथम भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने मंच में उपस्थित अतिथिगण और कार्यकर्ताओं के समक्ष स्वागत और उद्बोधन कराते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े ने बैकुंठपुर विधानसभा वासियों को बधाई देते हुए बताया की वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ओपी चौधरी द्वारा बैकुंठपुर शहर चौड़ीकरण के लिए डेढ़ सौ करोड़ की राशि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है।साथ ही भईयालाल राजवाड़े ने अवगत कराया की मेरा पूर्व का विभाग श्रम मंत्रालय हमारे लखनलाल देवांगन जी को मिला है जिन्हे मैंने कहा है की जिस तरह उक्त विभाग का मंत्री रहते मैंने सभी का कार्य किया समाज की सेवा की उसी तरह से ये भी करेंगे जिससे आप सभी को संबंधित विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ आगे भी मिलता रहेगा।विधायक भईया लाल राजवाड़े ने कार्यकर्ताओं में जोश और ऊर्जा बढ़ाते हुए कहा की मेरे प्यारे कार्यकर्ता गण सरोज पांडेय बहन के जीतने के बाद हमारा कोरिया जिला काफी तेजी से विकास करेगा साथ ही भईया लाल के आलावा आपके लिए एक और मजबूत हाथ के रूप में केंद्र तक बातों को पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी बनेंगी सरोज बहन इसलिए मेरी आप सभी कार्यकर्ताओं से गुजारिश है की आप सभी पूरी ताकत झोंककर सरोज बहन को ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लें और आज से ही एक एक बूथ, एक एक मोहल्ले के मतदाताओं को कमल के निशान पर वोट डालने के लिए प्रेरित करें और केंद्र में मोदी सरकार को पुन: स्थापित कराएं।

कार्यकर्ता सम्मेलन सभा को संबोधित करते हुए राज्य के स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ाते हुए कहा की हमारे कार्यकर्ता बंधुओं जिस प्रकार आप सभी की अपार मेहनत से राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी और बैकुंठपुर विधानसभा को ऐतिहासिक मतों की बढ़त से जीता वो बहुत ही सराहनीय रहा और मैं पुन: उन क्षणों का आपको स्मरण कराते हुए आप सभी कार्यकर्ता बंधुओं से आग्रह करता हूं की एक बार फिर से छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव 2023 का इतिहास दोहराया जाना चाहिए ताकि कोरबा लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय जी को हम सभी का नेतृत्व मिले जिससे इस क्षेत्र का तेजी से विकास हो सके और केंद्र में माननीय नरेन्द्र मोदी जी की 2024 में फिर से सरकार बने । संबोधन की अगली कड़ी में कोरबा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय कार्यकर्ताओं से रूबरू हुईं और केंद्र के मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियां जैसे कश्मीर से धारा 370 और 35 ए का हटाना, वैश्विक महामारी कोरोना में विश्व स्तर पर वैक्सीन की पूर्ति करना,किसानों को सम्मान निधि के तहत राशि दिया जाना,आयुष्मान कार्ड से प्रत्येक परिवार और उनके सदस्यों को 10 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा,प्रत्येक गरीब परिवार को मुफ्त में प्रधानमंत्री आवास दिए जाने की योजना,हर घर जल, नल जल योजना,मुफ्त में शौचालय,महतारी वंदन योजना से प्रत्येक विवाहित महिला को साल के 12 हजार की आर्थिक सहायता सहित हमारी बहनों को उज्ज्वला योजना से लाभ दिलाकर धुआं रहित रसोई की सौगात के साथ महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके लिए व्यवसाय तक की व्यवस्था की गई है। सुश्री सरोज पांडेय ने बताया की केंद्र की मोदी सरकार के दौरान 2014 की तुलना में 2024 में देश के हर क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है। मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यस्था को

फैजाइल फाइव से टाप फाइव में पहुंचाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न सिर्फ विदेशों में भारत की सम्मान बढ़ा है, बल्कि देश के भीतर भी गरीब, वंचित, किसान, महिला समेत सभी वर्गों का समेकित विकास हुआ है। मोदी सरकार और उसके पहले की सरकारों के नजरिये में मूलभूत अंतर अंतर बताते हुए कहा कि पहले समस्याओं के लिए समाधान के लिए टुकड़ों में कदम उठाए जाते थे, लेकिन मोदी सरकार ने पहली बार समस्याओं के संपूर्ण समाधान की योजनाएं बनाई और उन्हें सफलतापूर्वक लागू करने का भी काम किया। उन्होंने कहा कि शौचालय, पक्का मकान, बिजली कनेक्शन, गैस सिलेंडर, नल से जल जैसी योजनाएं इसका प्रमाण हैं। उन्होंने किसानों की आय दोगुनी नहीं होने के आरोप को भी खारिज कर दिया। 2014 की तुलना में 2024 में सभी फसलों के समर्थन मूल्य में लगभग दोगुना वृद्धि? की गई है। जबकि लागत मूल्य के रूप में खाद की स्थिर है और पूरे देश में किसानों के लिए बिजली लगभग फ्री है। इसके अलावा 11.39 करोड़ किसानों को छह हजार सालाना के मानदेय से उनके बीज खरीदने के लिए कर्ज नहीं लेना पड़ रहा है। इसके अलावा दुध, बागवानी आदि के उत्पादन में हुई बढ़ोतरी से किसानों की स्थिति 2014 की तुलना में निश्चित रूप से बेहतर हुई है। सुश्री सरोज पांडेय ने कहा की मैं आपके बीच में आपका सहयोग और आशीर्वाद मांगने आई हूं आज प्रधानमंत्री जी पुन: प्रधानमंत्री बनेंगे मोदी जी ने कहा है अबकी बार 400 पार ,फिर एक बार मोदी सरकार हमको भारत के राजनीति में लानी है आपको यह लड़ाई लड़नी है आपको मैं विश्वास दिलाती हूं हमारा चुनाव चिन्ह कमल है आपका चिन्ह कमल है मोदी जी का चुनाव चिन्ह कमल है इसलिए मोदी जी को पुन: प्रधानमंत्री बनने के लिए 400 पार की सीट लाकर के भारी मतों से लोकसभा में भेजना है आप देख रहे हैं पिछले बार 5 सालों में वर्तमान सांसद ने कभी क्षेत्र का दौरा नहीं किया ,ना ही 5 सालों में किसी जरूरतमंद लोगों की सेवा की केवल और केवल भ्रष्टाचार हुआ है इतिहास में पहली बार आप देखेंगे कि दो-दो कलेक्टर जेल गए हैं डीएमएफ मद की राशि में घोटाला करने के आरोप पर जेल मे है, आप जरा सोचिए की ज्योत्सना महंत के आंखों के सामने यह घोटाला हो रहा था और वह आंख मूंद करके चुपचाप बैठी थी ज्योत्सना महंत जनता के बीच आकर बताएं कि भ्रष्टाचार हुआ है कि नहीं हुआ है उन्होंने मीडिया में एक स्टेटमेंट भी दिया था कि कांग्रेस के लोग भ्रष्टाचार करते होंगे लेकिन मैं नहीं करती यह बहुत शर्म की बात है कि एक कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री इस तरह की बातें करती हैं उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी की सोच बड़ी है उन्होंने माता और बहनों के लिए नल जल योजना लागू किया जिन महिलाओं को दूर पानी के लिए जाना पड़ता था उन महिलाओं के लिए बहुत बड़ी राहत की बात थी कि नल जल योजना के लागू होते ही हर घर तक नाल पहुंचा और हर घर तक पानी मिला जिस प्रधानमंत्री जी के आगे बड़े-बड़े लोग घुटना टेक देते हैं।वही चरण दास महंत के शर्मनाक बयान पर कही की अपनी पत्नी को हारता देख उन्होंने माननीय नरेंद्र मोदी जी को कहा कि उन्हें लाठी से उनके सर को फोड़ देना चाहिए यह बहुत ही निंदनीय बात है। सुश्री सरोज पांडेय ने कहा की आलू से सोना सोना बनाने वाले की संगत में महंत परिवार मानसिक दीवालिए पन का शिकार हो चुका है और ज्योत्सना महंत की निठल्ली निष्क्रिय भ्रष्ट कार्यशैली की वजह से बीते 5 वर्षों से कोरबा लोकसभा का विकास अवरूद्ध रहा है । उन्होंने कहा की देश के प्रधानमंत्री के लिए किए गए अपमान जनक शब्दों के लिए चरणदास महंत को मीडिया के सामने माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले 7 मई को हम सब चुनाव में होंगे और मोदी जी का हाथ मजबूत करेंगे तत्पश्चात सुश्री सरोज पांडेय ने कोरिया भाजपा कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र की मोदी सरकार को पुन: स्थापित कराने सहित लोकसभा प्रत्याशी के रूप में अपने समर्थन का आग्रह किया । कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय,स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,श्रम उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन,बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े, पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा,पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर,पूर्व विधायक चंपा देवी पावले,कोरबा लोकसभा सह संयोजक मनोज शुक्ला,भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, लक्ष्मण राजवाड़े,जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, विनोद साहू,जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े,सुनीता कुर्रे,कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ,कपिल जायसवाल,नपा अध्यक्ष नविता शिवहरे,सहित बैकुंठपुर विधानसभा और कोरिया जिले के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन कार्यक्रम पश्चात प्रेमबाग से ओडगी नाका तक बैकुंठपुर मुख्य शहर से सुश्री सरोज पांडेय की रोड शो रैली निकाली गई जिसमे हजारों की संख्या भाजपा कार्यकर्ता,जिले वासी और शहरी उपस्थित रहे।

जिले का नक्शा बना कैंडल प्रज्जवलित कर मतदाताओं किया गया जागरूक

मनेंद्रगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विगद दिवस ग्राम पंचायत बेलबहरा में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत ग्रामीणों के द्वारा मनेद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का नक्शा तैयार कैंडल प्रज्वलित कर शतप्रतिशत मतदान हेतु नए मतदाताओं, दिव्यांगजनो एवं वयोवृद्धो से आगामी लोकसभा निर्वाचन 7 मई को मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान करने हेतु अपील की गई। इसके साथ ही यह संदेश दिया कि प्रत्येक मतदाता यदि अपने मतदान का उपयोग बिना प्रलोभन, भय या धर्म वंश जाति से मुक्त होकर निर्वाचन महापर्व को हर्षोल्लास से मनाएंगे, अंत में उपस्थित मतदाताओं ग्रामीणों ने शत-प्रतिशत करने और कराने एमसीबी में नए कीर्तिमान स्थापित करने हेतु शपथ लें। कैंडल प्रज्वलित करने का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को मतदाता की सहभागिता जिस प्रकार एमसीबी के नक्शे में प्रकाश मान हुआ है ठीक इसी प्रकार प्रत्येक मतदाता की सहभागिता से लोकतंत्र मजबूत होगा। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक राजेश जैन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक सिमेंद्र सिंह, कलस्टर समन्वयक प्रभा प्यासी, सचिव भूपेन्द्र सिंह एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण युवा ,छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

स्वीप के तहत नवविवाहित व किशोरी बालिकाओं का सम्मान कार्यक्रम

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार आज महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना मनेंद्रगढ़ अंतर्गत चैनपुर पंचायत में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत चैनपुर की वरिष्ठ मतदाता जमुना बाई 60 वर्ष, तुलसी कुंवर 56 वर्ष व सुकवरिया 54 वर्ष सम्मलित हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ श्रीमती शिल्पा अग्रवाल प्रभारी परियोजना अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत करके किया गया । इसके पश्चात् श्रीमती शिल्पा अग्रवाल द्वारा उपस्थित नवविवाहित महिलाओं, किशोरी बालिकाओं, समूह की महिलाओं को बताया गया कि 7 मई 2024 को अपने मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें व देश के नागरिक होने का अपना कर्तव्य निभाएँ। उन्हें हारा कहा गया जि बिना किसी प्रलोभन में आए अपने स्वविवेक से अपने मत का प्रयोग सभी लोग अनिवार्य रूप से करें। इसके पश्चात् नवविवाहित महिलाएँ, गोमती, अहिल्या, फूलवती, मीना पूनम, लक्ष्मी, प्रेमवती तथा किशोरी बालिका आरती, किरन, अर्चना, शकुन्तवा, श्यामबाई, रोशनी को चंदन टीका व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में सभी मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में मतदाता जागरूकता रैली एवं प्रभात फेरी निकालकर लोगों को लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने 7 मई 2024 को मतदान करने का संदेश दिया गया।

लोक सभा निर्वाचन,तैयार है एमसीबी के सब झन प्रशासन भी तैयार,मतदाता भी तैयार

मनेंद्रगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डी. राहुल वेंकट के आह्वान पर 5 अप्रैल 2024 को 50 अलग-अलग स्थानों में एक ही दिन स्वीप कार्यक्रम के तहत महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों के साथ मतदान जागरूकता रैली, मेहंदी, रंगोली के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाया गया। एक दिन में 30 हजार परिवार तक 7 मई 2024 को मतदान करने की जानकारी देने का लक्ष्य को आज ग्राम पंचायत दुग्गी, बहरासी, बौरीडांड, चौंधड़ा, परसगढ़ी, चैनपुर, तेंदूडांड, घुटरा, भलौर, पेन्ड्री, खैरबना, गोविंदपुर, कौडीमार, भौता, बाही, ताराबहरा, तिलोखन, बुलाकीटोला, केवटी एवं नगर पंचायत खोंगापानी, झगराखाण्ड व नगर पालिका मनेंद्रगढ़ में संध्या काल तक पूरा कर लिया गया। प्रलोभन रहित एवं निर्भीक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रात: प्रभात फेरी कार्यक्रम शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रारंभ किया गया। दिन चढ़ते चुनाव का पर्व देश का गर्व स्वीप के तहत रंगोली स्पर्धा सभी वार्ड, पारा, गांव में किया गया। तत्पश्चात महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा नवविवाहिता एवं नव मतदाता का सम्मान समारोह अलग-अलग सेक्टरों में किया गया। इसके साथ ही युवाओं के द्वारा शपथ लिया गया एवं नारा के साथ मतदान रैली का आयोजन भी किया गया। आज से सभी शहरी वार्डों में कचरा कलेक्शन गाड़ियों द्वारा निर्वाचन का प्रचार प्रसार प्रारंभ किया गया है। 7 मई 2024 को निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी तैयारियां प्रशासन के द्वारा की जा रही हैं। जिला का संकल्प वाक्य वोट करेंगे तभी तो बढेंगें के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु जिलेवासियों से अपील की गई है।

कांग्रेस नेता शशिधर जायसवाल का भाजपा प्रवेश

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी। मनेंद्रगढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस के पूर्व विधायक विनय जायसवाल के भाई और बार संचालक शशिधर जायसवाल के भाजपा प्रवेश पर सियासत शुरू हो गई है। इस मामले में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किस प्रकार से वर्तमान समय में वाशिंग मशीन का काम कर रही है यह अब जगजाहिर हो गया है। कांग्रेस शासनकाल में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी के नेतृत्व में बार के सामने भाजपाई बार के अवैध संचालन के खिलाफ धरने पर बैठे थे। जब इस विषय पर सरोज पांडेय से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि इस मामले में पूरी जानकारी होने के बाद ही कुछ कह पाएंगी। इस मामले को वो संज्ञान में लेगीं। बता दें कि भाजपा प्रवेश करने वाले कांग्रेस के पूर्व विधायक विनय जायसवाल के भाई शशिधर जायसवाल भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर में ग्रीन पार्क क्लब बार के संचालक हैं। यह बार हमेशा विवादों में रहा है। इस बार को लेकर कांग्रेस के दो पूर्व विधायक विनय जायसवाल और गुलाब कमरो विधानसभा में भी आमने-सामने नजर आए थे। कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने बार संचालक शशिधर जायसवाल को भाजपा का गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में गुरुवार को खड़गवां जनपद पंचायत में जिलास्तरीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस पार्टी के शशिधर जायसवाल अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए।

रेणुका सिंह ने ड्राइवर, निजी कर्मचारियों भाजपाइयों को बांटे रुपए

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी। भरतपुर-सोनहत विधानसभा से विधायक रेणुका सिंह द्वारा गैर जरूरतमंद लोगों, भाजपा पदाधिकारी, ड्राइवर व निजी स्टाफ को स्वेच्छानुदान की राशि बांटने का मामला सामने आया है। इस पर विधायक रेणुका सिंह का कहना है कि विधानसभा चुनाव के वक्त सब अपना काम-धाम और घर-परिवार छोड़कर चुनाव में लगे थे। इसलिए मैंने उन्हें स्वेच्छानुदान दिया है। बताया जा रहा है कि रेणुका सिंह ने भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के अलावा दूसरे विधानसभा क्षेत्र के लोगों को भी स्वेच्छानुदान दिया है। सभी विधायक रेणुका सिंह के करीबी बताए जा रहे हैं। वहीं विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक गुलाब कमरो के स्वेच्छानुदान राशि का मामला भी तूल पकड़ा था, जिस वजह से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बता दें कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक गुलाब कमरो के स्वेच्छानुदान राशि का विधायक रेणुका सिंह ने पर्चा बंटवाया और गैर जरूरतमंद व कांग्रेसी व निजी कर्मियों को स्वेच्छानुदान राशि देने के मामले में कांग्रेस प्रत्याशी गुलाब कमरो घिर गए और चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

4500 किलोग्राम नकली घी जब्त

अंबिकापुर। प्रशासन की टीम ने शहर के बाबूपार में स्थित एक मकान में दबिश देकर बड़ी मात्रा में नकली घी बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन की टीम को सूचना मिली थी कि बाबूपारा स्थित एक मकान में बड़ी मात्रा में नकली घी तैयार किया जा रहा है। सूचना पर प्रशासन की टीम ने उक्त मकान पर छापामार कार्रवाई की तथा मौके से 4,500 किलोग्राम नकली घी बरामद किया है। मौके से पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो मूलत: महाराष्ट्र के गोंदिया जिले का रहने वाला है। आरोपी व्यक्ति यहां किराये का मकान लेकर नकली घी बनाने का काम करता है। मौके से पुलिस ने बड़ी मात्रा में वनस्पति डालडा और सोयाबीन तेल बरामद किया है जिससे आरोपी नकली घी तैयार करता था। आरोपी के अनुसार वह आगामी नवरात्रि पर्व में मंदिरों में जलने वाले मनोकामना दीप के लिए नकली घी बना रहा था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी तथा मौके पर मिले नकली घी को जब्त कर लिया है तथा मामले की जांच कर रही है।

बैटरी चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी पुलिस ने वाहनों से बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की बैटरी जब्त किया है। दुर्गा चौक भाटा गांव थाना पुरानी बस्ती निवासी गौरव सोनकर पिता लक्ष्मी चंद सोनकर ने पुरानी बस्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था।

स्थैतिक निगरानी दल, उड़नदस्ता दल एवं विडियों निगरानी दल का द्वितीय प्रशिक्षण सम्पन्न

मनेन्द्रगढ़। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान व्यय मॉनिटरिंग एवं आदर्श आचार संहिता से संबंधित कार्यों के सुचारू रूप सम्पादन किये जाने हेतु स्थैतिक निगरानी दल, उड़नदस्ता दल एवं विडियों निगरानी दल की द्वितीय प्रशिक्षण सत्र कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आहूत की गयी।

प्रशिक्षण में स्थैतिक निगरानी दल, उड़नदस्ता दल एवं विडियों निगरानी दल के अधिकारी, कर्मचारियों को ईईएम नोडल अधिकारी विजयेन्द्र सारथी की उपस्थित में मास्टर ट्रेनर शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा जिले में 13 स्थानों पर एफएसटी टीम है, 10 स्थानो पर एसएसटी टीम 18 वीएसटी टीम तथा लेखादल कार्यरत है। निर्वाचन आयोग की मंशा है कि सबको समान अवसर मिले, मतदाता बिना प्रलोभन के मतदान कर सके एवं निर्वाचन की प्रक्रिया को शुद्ध रखा जा सके। संसदीय क्षेत्र में एक अभ्यर्थी की व्यय सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित है। ईईएम की टीम को विशेष ध्यान रखना है कि निर्धारित सीमा के अंतर्गत व्यय हो एवं निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके। निर्वाचन में भुजबल, धनबल का अनावश्यक उपयोग न हो इसी कारण स्थैतिक निगरानी दल, उड़नदस्ता दल एवं विडियों निगरानी दल का गठन किया जाता है। लोकसभा निर्वाचन चुनाव में वीडियो निगरानी टीम निर्वाचन क्षेत्र में संवेदनशील घटनाओं व सार्वजनिक रैलियों पर व्यय से संबंधित सभी घटनाओं की वीडियोग्राफी करेगी। शूटिंग की शुरुआत में घटना का नाम व प्रकार, तारीख, स्थान व घटना का संचालन करने वाली पार्टी व अभ्यर्थी का नाम स्वर प्रणाली (वॉयस मोड) में रिकॉर्ड करना होगा। टीम वाहनों, घटनाओं, पोस्टरों, कटआउट का इस तरह से वीडियो लेगी कि प्रत्येक वाहन का साक्ष्य, उसका निर्माण व रजिस्ट्रेशन संख्या, फर्नीचर की संख्या, बैनर, कट-आउट आदि स्पष्ट तौर पर दिखाई दे, जिससे व्यय का सही-सही अनुमान लगाया जा सके। यदि वाहन रैली स्थल के बाहर पार्क किए गए हैं, तो ड्राइवर व पैसेन्जर का बयान भी रिकॉर्ड करें। भाषण व अन्य घटनाओं की भी रिकॉर्डिंग होगी, जिससे आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की स्थिति स्पष्ट हो सके। वीडियो निगरानी टीम रिकॉर्डिंग के समय आवश्यक सूचना दर्ज करेंगे। दर्ज सूचनाओं को सीडी के साथ वीडियो अवलोकन टीम को दी जाएगी। वीडियो निगरानी टीम अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), सदस्य आचार संहिता अनुपालन समिति के निगरानी में कार्य करेंगी। इस बात का भी ध्यान रखा जाये।

जहां आर्थिक गड़बड़ी उन्हीं मामलों में ईडी और सीबीआई की कार्रवाई : नितिन

घोषणाओं पर प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही सरकार

कोरबा। भाजपा प्रदेश प्रभारी और बिहार सरकार ने केबिनेट मंत्री नितिन नवीन ने इस बात से साफ इनकार किया कि पूर्वाग्रह के आधार पर जांच एजेंसियां कार्रवाई कर रही है। इसके पीछे ठोस आधार हैं। आर्थिक गड़बड़ी की संभावना इसका बड़ा पहलू है।

लोकसभा चुनाव को लेकर सभी क्षेत्रों में भाजपा बड़े सम्मेलन करने के साथ उनकी समीक्षा कर रही है। इसी सिलसिले में प्रदेश प्रभारी शुक्रवार से कोरबा जिले में हैं। शनिवार को प्रदेश के वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी और श्रम उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ प्रदेश प्रभारी ने यहां एक कांफ्रेंस की। मीडिया से बातचीत में नितिन नवीन ने कहा कि आर्थिक गड़बड़ियों से संबंधित मामले में ही केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी और सीबीआई के छापे पड़ रहे हैं। इसमें चौंकाने वाली जानकारी भी सामने आ रही है। कार्रवाई को किसी और एंगल से देखना अनुचित है। उन्होंने कहा कि कई प्रकार के स्कैम पहले हुए हैं और उनमें कार्रवाई हुई है। नए मामलों में तथ्यात्मक चीजों का अध्ययन करने के साथ आगे बढ़ा जा रहा है। छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न हिस्सों में अन्य दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के शामिल होने को उन्होंने विस्तारवाद मानने से खारिज किया। कहा कि लोग भाजपा सरकार के काम को देख रहे हैं इसलिए उनका झुकाव इस तरफ हो रहा है। छत्तीसगढ़ से संबंधित मुद्दों को राज्यसभा में उठाए जाने को लेकर उन्होंने वर्तमान प्रत्याशी सरोज पांडेय की भूमिका का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसे लेकर पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा टिप्पणी की गई जो उनकी मानसिकता को दर्शाता है। कुछ ऐसा ही हाल पिछले वर्षों में बिहार में हुआ था जब लालू यादव के द्वारा हेमामालिनी पर फोकस करते हुए अभद्र टिप्पणी की गई और जनता ने भलीभांति इसका जवाब दिया। नितिन नवीन ने पत्रकारों को बताया कि मोदी की गारंटी के अंतर्गत संबंधित कामकाज किये जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में 100 दिन के कार्यकाल में सरकार ने कई घोषणाओं पर काम करते हुए महिलाओं, किसानों को लाभान्वित किया है। संकल्प पत्र में जो बिंदु शामिल किये गए हैं उस पर हमारी कोई भी प्रतिबद्धता नहीं है।

कई सामुदायिक भवन अवैध कब्जा का शिकार

कोरबा। जनता की आवश्यकता के लिए नगर निगम द्वारा तैयार किये गए सामुदायिक भवन अवैध कब्जा की भेंट चढ़ गए हैं। इनका उपयोग होना तो सार्वजनिक प्रयोजन के लिए चाहिए लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। खबर के मुताबिक कुआंभट्ठा, एमपी नगर, बालकोनगर, राताखार समेत अनेक स्थानों पर ऐसे सामुदायिक भवन नाम के लिए ही बचे हैं। रात्रि में ये ठिकाने शराब और नशाखोरों के लिए सबसे अच्छी जगह बने हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि कई स्थानों पर तो टेंट हाउस संचालकों ने अतिक्रमण कर रखा है। मौके पर उनका स्टोर रूम चल रहा है और वे इसी बहाने इन सामुदायिक भवनों का उपयोग व्यवसायिक तरीके से कर रहे हैं।

गर्मी में जलसंकट, अशुद्ध पानी पीने को मजबूर बीजाडांड के लोग

कोरबा। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले गांव बीजाडांड में गर्मी के मौसम में लोगों को पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा है। यहां का एक कुआं लोगों की जरूरत की पूर्ति कर रहा है लेकिन इस मामले में कई प्रकार की जोखिम बनी हुई है। हालात के आगे मजबूर लोगों को जोखिम लेने के साथ अपनी जरूरत पूरी करनी पड़ रही है।

कोरबा जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित बीजाडांड गांव में ग्रीष्मकल के दौरान पानी को लेकर लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गांव में जल उपलब्धता के लिए जो हैंडपंप लगाए गए थे वह दूषित पानी दे रहे थे इसलिए इन्हे ब्लॉक कर दिया गया है। हैंड पंप से फ्लोराइड और आयरन युक्त पानी आने के कारण इसका उपयोग करना संभव नहीं हुआ। वर्तमान में एकमात्र कुआं से लोगों को पानी प्राप्त हो रहा है। इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ रही है। आदिवासी बाहुल्य विकासखंड पांड़ी उपरोड़ा के बीजाडांड में लोगों की परेशानी को कैसे दूर किया जाए इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को कुछ और विकल्प देने की मानसिकता बनानी चाहिए।

सुविधा नहीं दी कोयला कंपनी ने

कोरबा जिले के अंतर्गत आने वाले इस हिस्से में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की विजय वेस्ट रानीअटारी माइंस संचालित है। परियोजना क्षेत्र के आसपास के ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं की जिम्मेदारी कोयला कंपनी की है। बीजाडांड में गर्मी के सीजन में बनी हुई समस्या से लोग परेशान हैं। प्रबंधन को इस बारे में जानकारी है। इसके बावजूद क्षेत्र में पानी की सहूलियत देने को लेकर कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

परला गांव दंतैल के निशाने पर फिर ढहाया एक ग्रामीण का घर

हाथी का उत्पात थर्मलड्रोन में हुआ कैद

हाथी द्वारा तोड़ा गया सुनील एक्का का मकान व इनसेट में थर्मल ड्रोन कैमरे में कैद हाथी का उत्पात।

कोरबा। जिले का परला गांव इन दिनों दंतैल हाथी के निशाने पर है। पिछले तीन दिनों के भीतर दंतैल हाथी ने लगातार तीसरी बार गांव में घूसकर उत्पात मचाया है। जिससे यहां के ग्रामीण दहशत में हैं। वन विभाग द्वारा दंतैल की निगरानी थर्मलड्रोन कैमरे से की जा रही है। बावजूद उसके दंतैल गांव में पहुंच जा रहा है।

बीती रात दंतैल ने एक बार फिर गांव में प्रवेश कर सुनील एक्का पिता नांक नामक ग्रामीण के घर को निशाना बनाते हुए ध्वस्त कर दिया। दंतैल द्वारा घर को तोड़े जाने का वीडिया थर्मल ड्रोन में कैद हुआ। वन विभाग की निगरानी टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर पहले सुनील एक्का के परिवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया फिर दंतैल को खदेड़ने की कार्यवाही की। खदेड़े जाने पर दंतैल ने जंगल का रूख किया। बताया जाता है कि वन विभाग की टीम द्वारा सुनील के परिवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए जाने के कुछ देर बाद दंतैल और भी आक्रामक हो गया तथा सुनील के घर की दीवार व बरामदे को तोड़ पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

दंतैल हाथी द्वारा पिछले 72 घंटे के दरम्यान तीसरी बार गांव में पहुंचने तथा घरों को निशाना बनाए जाने से परला के ग्रामीण काफी दहशत में हैं। उनके द्वारा सुरक्षा की गुहार प्रशासन तथा वन विभाग से लगाई जा रही है। इससे पहले दंतैल हाथी ने गांव में राजकुमार गोस्वामी तथा चंद्रिका प्रसाद साहू के घरों में घुसकर उत्पात मचाया था, जहां राजकुमार गोस्वामी के परिवार ने छानी में चढ़कर जान बचाई थी वहीं दंतैल से बचने के लिए चंद्रिका साहू व उसके परिवार के दो अन्य सदस्य घर के पटाव में काफी देर तक दुबके हुए थे। बाद में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर साहू के परिवार को सुरक्षित निकाला था।

नवरात्र पर विकास नगर में मेला

कोरबा। नव रात्रि पर्व पर कुसमुंडा के विकास नगर शिव मंदिर के पीछे मेला लगाया जाता है। इस बार भी झूले लगाने का काम शुरू हो गया है। पार्षद अमरजीत सिंह के भाग दर्शन में यह काम हो रहा है। झूले का आनंद लेने के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से भी लोग यहां आते है। झूला ही मुख्य आर्कषण का केन्द्र रहता है। मेले को लेकर कालीनी वासियों में व्यापक उत्साह है।

महिला मोर्चा कार्यकर्ता जाएंगे पतरापाली

कोरबा। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वैलाशी रब पारखी की मार्गदर्शन में रामपुर विधानसभा क्षेत्र की कार्यकर्ताओं ने गांव का दौरान शुरू कर दिया है। कुदमुरा व उरगा मंडल की अभिलाषा वर्मा, सुगिता राठिया , सुभद्रा सिंह प्रतिभा सोनवानी , भोजली साहू ग्राम पतरापाली व बताती सहित कई गांवो का दौरा करेंगे। युवा मोर्चा की प्रीति स्वर्ण ने बताया कि बालको क्षेत्र में भी महिला मोर्चा की अर्चना सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भी बूथो में बैठक ले रहे हैं।

मैदानी अमले ने बुझाई जंगल में लगी आग, निगरानी तेज की

कोरबा। गर्मी के मौसम में अलग-अलग कारणों से जंगलों में लगने वाली आग से वन विभाग की चुनौतियां बढ़ी हुई है। बालकोनगर रेंज के अंतर्गत आने वाला भटगांव के जंगल में लगी आग पर किसी तरह नियंत्रण कर लिया गया। अन्य क्षेत्रों में भी निगरानी रखी जा रही है।

बालकोनगर रेंजर जयंत सरकार ने बताया कि भटगांव के जंगल के एक हिस्से में आग लगी थी। हवा के संपर्क में आने के साथ इसका दायरा और बढ़ गया। आसपास में लगे कुछ पेड़-पौधों को इसमें नुकसान पहुंचा है। सूचना प्राप्त होने पर विभाग की टीमें सक्रिय हुई। उपलब्ध संसाधन और तौर-तरीके का उपलब्ध कर जंगल में लगी आग को नियंत्रित कर लिया गया है। आसपास के क्षेत्र में आग न लगे, इसका ध्यान रखा जा रहा है। सरकार ने बताया कि सामान्य तौर पर इस मौसम में पेड़ों के आपस में टकराने के कारण जंगलों में आग लगती है जबकि तेंदूपत्ता और महुआ के लालच के चक्कर में भी संबंधित लोग आग लगा दिया करते हैं। इसके पीछे उनका अपना मिथक है। हालांकि वन विभाग ने सड़क से लगे इलाकों में बिखरी पत्तियों को समाप्त करने का काम किया है। ऐसा होने पर यहां से लगने वाली आग आगे नहीं बढ़ पाती। रेंजर के अनुसार फारेस्ट अमले के अलावा वन सुरक्षा समितियां भी अपने क्षेत्र में सतर्कता बरत रही है। जागरूक लोगों का सहयोग भी इस प्रकार की घटनाओं को रोकने और जंगलों को बचाने के लिए लिया जा रहा है।

मुक्तिधाम की हरियाली स्वाहा

कोरबा। दर्री क्षेत्र में सीएसईबी कालोनी के पास स्थित मुक्तिधाम की हरियाली आगजनी की भेंट चढ़ गई। अंतिम संस्कार के लिए यहां आने वाले लोगों को राहत मिल रही थी। गर्मी के मौसम में असामाजिक तत्वों ने आज सुबह आग लगा दी। कुछ ही देर में मुक्तिधाम के आसपास के पेड़-पौधे आग की भेंट चढ़कर समाप्त हो गए। आगजनी की सूचना मिलने पर सीएसईबी की दमकल यहां पहुंची। जिसके द्वारा यहां आग बुझाई गई। इस घटना के मद्देनजर सीएसईबी प्रबंधन ने आसपास के लोगों को सचेत किया है। उन्हें कहा गया है कि वे अपने स्तर पर भी इलाके में नजर रखें ताकि जंगलों में आग लगाने वाले लोगों को पहचाना जा सके। पुलिस को भी ऐसे प्रकरणों की जानकारी दी जाएगी।

स्वास्थ्य शिविर कल

कोरबा। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर 7 अप्रैल को मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार व चली आयुर्वेद की ओर मिशन पर कोरबा के पतंजली चिकित्सालय में सुबह 10 से 2 बजे तक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट इसमें सहयोग करेगा। शिविर में रक्त सर्करा जांच, आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श के साथ उपचार किया जाएगा। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. नागेंद्र शर्मा यहां पर अपनी सेवाएं देंगे।

***कोरबा।** दादरखुर्द जाने वाली सड़क अब तक ठीक नहीं हो सकी है। इसे लेकर काफी समय से निगम का ध्यान आकर्षित कराया जाता रहा है।

साहू समाज ने किया परिचय सम्मेलन

कोरबा। साहू समाज के द्वारा दन दिनों संगठन को मजबूत करते हुए युवक-युवती परिचय सम्मेलन को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है। जांजगीर में आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन में कोरबा जिले के अध्यक्ष गिरिजा साहू भी शामिल हुए इसके अलावा विधायक बालेश्वर साहू डा. तिलक साहू सहित कई जिला अध्यक्ष यहां पहुंचे। कोरबा जिले में भी युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयसेजित कराया गया था। जिसकी जमकर तारिफ हुई। इस कार्यक्रम में उप मंख्यमंत्री अरूण साव शामिल हुए थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गिरिजा साहू, अन्नू साहू, दिनेश साहू, धनश्याम साहू, रेवती साहू सहित समाज के सभी लोगों ने सहयोग प्रदान किया था।

वर्ष प्रतिपदा के लिए सजाया नगर को

कोरबा। हिंदू नववर्ष के आगमन पर 9 अप्रैल को कटघोरा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। तैयारियों का दौर जारी है। हिंदू नववर्ष के आयोजन के लिए पूरे कटघोरा नगर को पूरा भगवामय तथा दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। हिंदू नव वर्ष को लेकर कटघोरा नगर में होने जा रहा यह आयोजन काफी भव्य होगा। इस बार देश के विभिन्न प्रांतो से मनमोहक एवं आकर्षक झांकियां शोभायात्रा में सम्मिलित होगी जिसे कोरबा जिले के साथ साथ पूरे प्रदेश के लोग देखेंगे।

प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी हिंदू नव वर्ष की तैयारी बड़ी जोर-शोर से किया जा रहा है। चौक चौराहे को भगवा झंडे बैनर से सजाया जा रहा है। क्योंकि हिंदू नव वर्ष 9 अप्रैल को मनाया जा रहा है, परंतु हिंदू नव वर्ष के एक दिन पूर्व संध्या 8 तारीख के साय 4 बजे भव्य रैली का आयोजन किया गया है । जिसमें अग्रसेन भवन से रैली होते हुए जय स्तंभ चौक,मेन रोड,बस स्टैंड,हॉस्पिटल चौक, नया बस स्टैंड होते हुए राधा सागर हनुमान मंदिर प्रांगण के पास रैली कार्यक्रम में विलीन हो जाएगी। इसके बाद 21000 दियो से राधा सागर तालाब जो 25 एकड़ में फैला हुआ है तालाब के चारों तरफ दिए से प्रज्वलित किया जाएगा । दीप प्रज्वलित के समय 21 शंख की आवाज की जावेगी। गंगा आरती के साथ तालाब के बीचों बीच फुलझड़ी की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के तृतीय चरण में झांकी एवं जीवंत झांकी राम भगवान का एक मंचीय कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।अग्रसेन भवन से हिंदू नव वर्ष रैली में लगभग 7 से 8 हजार श्रद्धालुगण शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम पश्चात खिचड़ी वितरण व प्रसाद वितरण भी किया जावेगा।

कई कार्यक्रम आयोजित होंगे इस अवसर पर

कोरबा जिला के उपनगरीय क्षेत्र कटघोरा नगर में होने जा रहे इस बड़े आयोजन की तैयारी को देखकर लोगों को ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जिस प्रकार वनवास के बाद भगवान राम के अयोध्या पहुंचने पर लोगों ने दिवाली मनाई थी। उसी प्रकार 9 अप्रैल हिंदू नव वर्ष को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम केआगमन को लेकर कटघोरा नगर में भव्य आयोजन हो रहा है। इस आयोजन को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। नव वर्ष को होने जा रहे इस आयोजन में सभी समाज के लोग शामिल होंगे। जिसमें जात-पात, राजनीति, छोटे-बड़े के भेद को भुलाकर समग्र हिंदुओं को एकजुटता के सूत्र में बांधने का प्रयास किया गया है।

श्री
मकान बेचना है
2450 वर्गफीट डबल स्टोरी मकान बेचना है जमनीपाली कोरबा में।
नोट : प्रापर्टी डीलर संपर्क न करें।
संपर्क करें
62681-46606

बूथो में कार्यकर्ताओं की बैठक आज

कोरबा।कांग्रेस नेता सूरजदास महंत व पूर्व सभापति संतोष राठौर आज बांकी मोंगरा क्षेत्र में बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। इस बैठक की तैयारी टीकाराम मनहरण, प्रदीप अग्रवाल, राजेश मानिकपुरी, संजय आजाद परामानंद सिंह, शैलेन्द्र मिश्रा, नवल किशोर पंडित, फिरोज अनंत के द्वारा की जा रही है। कल बालको क्षेत्र में भी नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने एक बैठक को संबोधित किया था। यहां पर डा. चरणदास महंत का दुशियत शर्मा, संजीव शर्मा, गिरधारी बरेठ, आबीद अख्तर सहित कई कार्यकर्ता ने स्वागत किया।

भाजपा प्रवेश कार्यक्रम में अपात्र भी पहुंचे, गमछा के लिए लूट जैसी स्थिति

वितरण करने वालों को हुई परेशानी

कोरबा। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से कोरबा जिले में कुछ अलग ही माहौल है। अलग-अलग कारणों से भिन्न-भिन्न क्षेत्र से संबंधित लोगों का भाजपा प्रवेश शामिल है। पिछली रात आयोजित हुए भाजपा प्रवेश कार्यक्रम में भगवा गमछा पाने को लेकर लूटमार की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान वितरण करने वाले जमकर परेशान हुए। उन्हें जली-कटी भी सुननी पड़ गई।

वार्ड नं.3 के अंतर्गत आने वाले इलाके में भाजपा की ओर से यह कार्यक्रम किया गया। इसका केंद्र बिंदु जोगी कांग्रेस के लोगों का प्रवेश था। भाजपा ने अन्य संबंधितों को भी अपने क्षेत्र से इच्छुक लोगों को लाने को कहा था, जो भाजपा से जुड़ने का मन रखते हैं। इस तरह की सूचनाओं के बीच हल्ला हो गया कि मौके पर भोजन भी है और अन्य कार्यक्रम भी। सूचना का असर ऐसा हुआ कि मतदाता केटेगरी में आने वाले लोग भाजपा में शामिल होने की मंशा से तो पहुंचे ही, अपने साथ बच्चों से लेकर किशोरों को भी ले आए। भाजपा प्रवेश कार्यक्रम के अंतर्गत केवल उन लोगों को भगवान गमछे दिए जाने थे जो पार्टी में शामिल हो रहे हैं। पता चला कि प्रत्याशी के मंच पर पहुंचने के साथ ही गमछा वितरण का कार्यक्रम शुरू कर दिया गया। अलग-अलग क्षेत्र में जो लोग वितरण कर रहे थे, कई लोगों ने वहां से गमछे लूटना शुरू कर दिया। ऐसे में वितरणकर्ता की फजीहत हो गई। हालात ऐसे बने कि किसी के पास एक गमछा नहीं आया तो किसी ने मनमाने तरीके से इन्हें दबा लिया। इस दौरान कई तस्वीरें ऐसे भी आईं जो मोबाइल पर कैद हुई है। इस प्रकार की स्थिति देखने के बाद भविष्य में इस तरह का कार्यक्रम किया जाए या नहीं, इस बारे में अब विचार मंथन चल रहा है। इसके साथ ही अब भाजपा में इस बात को लेकर भी चिंता है कि दूसरे दलों से जो लोग हमारी पार्टी में आ रहे हैं क्या उनके वोट हासिल भी होंगे।

नशेड़ी बाइकर्स सहित 12 पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की पुलिस ने

कोरबा। शराब पीकर नशे में वाहन चलाने तथा एनव्ही एक्ट के नियमों का उल्लंघन करते हुए फ्रांटे से बाइक दौड़ाने वाले बाइकर्स के लिए अभियान चलाते हुए सिटी कोतवाली पुलिस ने 12 दोपहिया वाहनों पर जुर्माना किया है। वहीं एक नशेड़ी चालक के द्वारा भारी मात्रा में नशा सेवन कर उसका परीक्षण कराने के बाद उसके पल्सर बाइक को धारा 185 के तहत जब्त कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र में नशे में एवं तेज गति से फ्रांटे के साथ अलग-अलग घटनाक्रमों में बाइक दौड़ा रहे बाइकर्स पर अभियान चलाते कल देर शाम कार्रवाई की जा रही थी। एसपी सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन एवं कोरबा सीएसपी भूषण एक्का के निर्देशन में सिटी कोतवाली टीआई एम.बी.पटेल अपने मातहत एएसआई अजय सिंह ठाकुर, टेकेश्वर यादव, आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता, उत्तरा बंजारे एवं नवरतन सिदार के साथ मोटर व्हीकल का उल्लंघन कर वाहन चलाने वाले बाइकर्स के विरूद्ध घेराबंदी कर कार्रवाई चल रही थी। इस दौरान 12 बाइकर्स के द्वारा मोव्ही एक्ट के नियमों का पालन नहीं किये जाने से उनके विरूद्ध बतौर समंस शुल्क जुर्माने की कार्रवाई चालानी प्रक्रिया के तहत की गई।

बालकोनगर थानांतर्गत शिवनगर रूमगरा बस्ती निवासी वेदप्रकाश पांडे उम्र 20 वर्ष पिता टुकेश्वर पांडे भारी मात्रा में शराब का सेवन कर बिना नंबर के पल्सर बाइक को फ्रांटे के साथ चलाकर दुघर्टनाओं को दावत दे रहा था। पावर हाउस रोड एवं मेनरोड सुनालिया चौक के पास अपने बाइक को पुलिया के सामने इधर से उधर लगातार कट मार रहा था। सूचना मिलने पर कोतवाली के पेट्रोलिंग दस्ते ने टीआई के नेतृत्व में आरोपी को धर दबोचा।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com